दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 10 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष ,एकादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 161 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

जी-20 के 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को आम सहमति से मिली स्वीकृति

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की राजधानी नई दिल्ली में जी20 समिट जारी है। इसी बीच दोपहर बाद पीएम मोदी ने खुद इस बात की जानकारी दी कि नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति बन गई है। पीएम मोदी ने बताया, हमारे टीम के हार्ड वर्क से और आप सभी के सहयोग से नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर आम सहमति बन गई है। 9 सितंबर को जब जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई तो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक पहला सत्र 'वन अर्थ' पर आयोजित किया गया। इसके बाद 'वन फैमिली' पर दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 4.45 बजे तक चला। वहीं शाम 7 बजे डिनर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष मुलाकात की। फिर रात 8 बजे से 9.15 बजे तक बातचीत हुई। पीएम मोदी ने कहा कि एक अच्छी खबर मिली है, हमारी टीम की कड़ी मेहनत और सभी के सहयोग से नई दिल्ली जी20 नेतृत्व घोषणा पर सहमति बन गई है। मैं यह घोषणा करना चाहता हूं कि नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की घोषणा पर आम सहमति बन गई है। मैं घोषणा करता हूं कि इस घोषणा को स्वीकार कर लिया गया है। मैं इसे अपनाए जाने का ऐलान करता हूं। इस अवसर पर, मैं अपने शेरपा, मंत्रियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसे संभव बनाया।

मोदी ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया

शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम पहुंचे विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को रिसीव किया। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को गले लगाया, तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को भारत मंडपम में बने कोणार्क चक्र के बारे में जानकारी दी।

दुनिया में भरोसे का संकट पैदा हुआ

मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में मोरक्को भूकंप में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा दुख की घड़ी में हम मोरक्को के लोगों के साथ हैं और उनकी हरसंभव मदद करेंगे। मोदी ने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जब हम कोरोना को हरा सकते हैं तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिलकर चलने का समय है।

अफ्रीकन यूनियन को परमानेंट मेंबरशिप

समिट के पहले सेशन में भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का परमानेंट मेंबर बनाने का प्रस्ताव रखा था। बतौर अध्यक्ष सभी देशों की सहमति से पीएम मोदी ने जैसे ही इसे पारित किया, अफ्रीकन यूनियन के हेड अजाली असोमानी जाकर मोदी मोदी के गले लग गए। भारत के प्रस्ताव का चीन और यूरोपियन यूनियन ने भी समर्थन किया। यूनियन को मेंबरशिप मिलने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा होगा।

देश के नाम की पट्टी पर भारत

नई दिल्ली में आज से जी20 समिट शुरू हो गई है। इस इवेंट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में जब उद्घाटन भाषण दिया, तो जो तस्वीर सामने आई उसने सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया नहीं भारत लिखा था। ये पहला मौका है जब किसी इंटरनेशनल इवेंट में प्रधानमंत्री की सीट के सामने देश का नाम इंडिया नहीं लिखा गया है। पिछली जी20 बैठक इंडोनेशिया के बाली में 14 से 16 नवंबर को हुई थी। तब पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया ही लिखा था।

10 प्वाइंट में समझें इसके मायने

1. मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास
2. एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना
3. सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौता
4. 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान
5. तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा
6. इंटरनेशनल टैक्सेशन
7. लैंगिक समानता और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना
8. वित्तीय क्षेत्र के मुद्दे
9. आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करना
10. अधिक समावेशी विश्व का निर्माण

मोरक्को में 632 लोग की मौत, 329 घायल

रबात (वार्ता)। मोरक्को में बीती रात आये भूकंप से 632 लोगों की मौत और 329 अन्य लोग घायल हो गए हैं। अल-अरबिया ब्रॉडकास्टर ने शनिवार को मोरक्को के गृह मंत्रालय के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। पहले की रिपोर्टों में बताया गया था कि शुक्रवार देर रात मोरक्को के एटलस पहाड़ों पर आई प्राकृतिक आपदा में 296 लोगों की मौतें हुई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 23.11 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र मराकेश से 71 किलोमीटर (44 मील) दक्षिण-पश्चिम में एटलस पर्वत में 18.5 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। सोशल मीडिया एक्स पर प्रसारित एक वीडियो क्लिप में क्षतिग्रस्त इमारतों और सडकों पर बिखरा मलबा और लोगों को घबराकर भागते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मराकेश के पुराने शहर में कुछ इमारतें ढह गई हैं। हालांकि मीडिया ने एक्स पर दिखाई गई वीडियो क्लिप की सत्यता की पुष्टि नहीं की है। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि भूकंप से लोग दहशत में घरों से बाहर सड़को पर आ गये। भूकंप के झटका इतना शक्तिशाली था कि बड़ी-बड़ी इमारते हिल रही थी। बिजली और फ ोन लाइनें 10 मिनट तक बंद रहीं। उन्होंने बताया कि इमारत ढहने से कई लोग मलबे में फसे हुए है।

अभी विपक्ष का अस्तित्व खत्म नहीं हुआ : चिदंबरम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 9 सितंबर को होने वाले जी20 नेताओं के डिनर में नहीं बुलाया गया है। ये डिनर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देंगी। राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा- यह केवल वहीं हो सकता है जहां कोई लोकतंत्र नहीं है। चिदंबरम ने कहा- मुझे मीडिया के जरिए यह जानकारी मिली है कि जी20 में राष्ट्रपति के द्वारा आयोजित नेताओं के डिनर में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को नहीं बुलाया गया है। अभी ऐसी स्थिति नहीं है, जहां लोकतंत्र और विपक्ष का अस्तित्व खत्म हो जाए। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति के डिनर पार्टी में नहीं बुलाने पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- उन्हें (केंद्र) लो लेवल की राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह अच्छा नहीं है।

हमें चुनाव आयोग से न्याय की उम्मीद : सुप्रिया सुले

मुंबई (एजेंसी)। एनसीपी चीफ शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार 9 सितंबर को कहा कि हमें चुनाव आयोग से न्याय की उम्मीद है। हमसे जो भी पूछा गया था, हमनें उसका ईमानदारी से जवाब दिया है। शुक्रवार को शरद पवार ने अजित पवार की याचिका पर चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब भेजा था। इसमें उन्होंने बताया कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। वे एनसीपी के अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो उनके साथ हैं। ऐसे हालात में अजित गुट पार्टी पर दावा कैसे कर सकता है। शरद पवार ने पार्टी छोड़कर जाने वाले 9 मंत्रियों समेत 31 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अजित पवार का एनसीपी का अध्यक्ष बनना और पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह घड़ी का इस्तेमाल करना गैर कानूनी है। दरअसल, अजित पवार ने 30 जून को चुनाव आयोग में याचिका दायर कर एनसीपी पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा किया था। जुलाई 2023 में अजित एनसीपी के 40 विधायकों के साथ महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। गठबंधन सरकार में उन्हें डिप्टी सीएम भी बनाया गया। शरद से अलगाव के बाद अजित ने दावा किया कि एनसीपी का बहुमत उनके पास है। इसलिए उनके गुट के विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई नहीं हो सकती। 5 जुलाई को उन्होंने शरद पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का ऐलान किया था। अजित ने खुद को एनसीपी का अध्यक्ष भी बताया था। चुनाव आयोग ने अजित पवार की याचिका पर जवाब देने के लिए शरद पवार को तीन हफ्तों (9 सितंबर) का समय दिया था। हालांकि, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

भारत में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से पड़ोसी देश पाकिस्तान को प्रसव पीड़ा होना स्वाभाविक है। भारत ने भी उसके जले पर नमक छिड़कने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी भारत ने इस सम्मेलन में नौ गैर सदस्यों को आमंत्रित किया है। जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। यही नहीं भारत ने पहली द्विपक्षीय बैठक भी बांग्लादेश से की। ऐसे में पाकिस्तान को जल भूनकर राख होना ही है। पाकिस्तान को इस बात का भी मलाल है कि काश वह शिखर सम्मेलन में आमंत्रित होता तो उसकी भीख का कटोरा भर जाता। बेचारा खैरात बटोरने का सुनहरा मौका चूक गया।

कांग्रेस के बर्खास्त मंत्री गुढ़ा शिंदे शिवसेना में शामिल

जयपुर (एजेंसी)। लाल डायरी को लेकर अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले बर्खास्त मंत्री और कांग्रेस विधायक राजेंद्र गुढ़ा ने शनिवार को शिंदे गुट वाली शिवसेना का दामन थाम लिया। उन्होंने महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे की उपस्थित में अपने पैतृक गांव गुढ़ा (नीमकाथाना) में पार्टी जॉइन की। उन्हें समन्वयक (कॉर्डिनेटर) की जिम्मेदारी दी गई है। शिंदे ने इस मौके पर अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने एक साल पहले यहीं पर कहा था कि गुढ़ा के कारण मैं मुख्यमंत्री हूं, फिर उन्हीं को बर्खास्त कर दिया। गुढ़ा के बेटे का आज जन्मदिन भी है, इसी मौके पर समारोह रखा गया था। शिंदे ने गुढ़ा को शिवसेना का दुपट्टा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। गुढ़ा इससे पहले बसपा और कांग्रेस में भी रह चुके हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा कि गहलोत ने जो किया उसका जवाब जनता देगी। गुढ़ा ने क्या गलती की, सच्चाई का साथ देना गुनाह है क्या? आपने राजस्थान में कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की ही तो आवाज उठाई थी। शिंदे ने कहा कि गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, सच्चाई नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'राजेंद्र गुढ़ा का शिवसेना में स्वागत है। राजस्थान की वीरता और महाराष्ट्र की वीरता का मिलन सुखद है। गुढ़ा जब भी महाराष्ट्र आते थे तो वहां रह रहे राजस्थानियों की चिंता करते थे। महाराष्ट्र में रहने वाले हर राजस्थानी का हम ध्यान रखेंगे।'

राजद्रोह कानून पर 12 को सुको में सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। 152 साल पुराने राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 12 सितंबर को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच करेगी। इससे पहले 1 मई को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आईपीसी की धारा 124 ए की समीक्षा की जा रही है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी। हालांकि, सुनवाई की तारीख आने से पहले ही 11 अगस्त 2023 को गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में 163 साल पुराने 3 कानूनों में बदलाव के लिए बिल पेश किया। इसमें राजद्रोह कानून खत्म करना भी शामिल है। लॉ कमीशन ने 2 जून को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग का कहना था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सौगात

सीएम भूपेश ने किया भूमिपूजन, रायपुर मेडिकल कॉलेज में जीनोम सिक्वेन्सिंग लैब होगा शुरू

322 करोड़ की लागत से बनेगा 700 बिस्तर क्षमता वाले नए चिकित्सालय भवन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में 700 बिस्तर क्षमता वाले नए एकीकृत चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन किया। चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल के लिए 322 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सर्वसुविधायुक्त चिकित्सालय भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। सीएम ने मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ भी किया। आज से ठीक 60 साल पहले 9 सितम्बर 1963 को रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी। भूमिपूजन कार्यक्रम और हीरक जंयती के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि रायपुर मेडिकल कॉलेज एवं इससे संबद्ध चिकित्सालय को आज की जरूरत के हिसाब से विकसित करना है। उन्होंने सभी प्राध्यापकों, स्टॉफ, छात्र-छात्राओं और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

60 साल पहले हुई थी स्थापना

रायपुर मेडिकल कॉलेज प्रदेश का सबसे बड़ा टर्शरी केयर हॉस्पिटल है। यहां लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए सर्वसुविधायुक्त एकीकृत चिकित्सालय भवन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। आज भूमिपूजन होने के बाद जल्दी ही इसका निर्माण भी शुरू हो जाएगा। रायपुर मेडिकल कॉलेज के 60 वर्ष के सफर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1963 में आज ही के दिन 60 विद्यार्थियों के साथ इसकी यात्रा शुरू हुई थी। अब यहां एमबीबीएस की 230 और पीजी की 150 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल की क्षमता 700 बिस्तरों से बढ़कर 1248 हो गई है। नए एकीकृत चिकित्सालय भवन में 700 बिस्तर बढ़ने से यहां बिस्तरों की संख्या करीब दो हजार हो जाएगी। दो हजार बिस्तर क्षमता वाला यह मध्य भारत का एकमात्र अस्पताल होगा। चिकित्सालय में सुविधा बढ़ने से लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा।

ऐसा होगा नया एकीकृत चिकित्सालय भवन

डॉ. भीमराव स्मृति चिकित्सालय रायपुर में बनने वाले 700 बिस्तर के इस अस्पताल में बेसमेंट फ्लोर, लोवर ग्राउंड फ्लोर तथा भूतल के अलावा सात तल होंगे। इस अस्पताल में सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल की सभी सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। इस एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन का निर्माण 70 हजार 896 वर्ग मीटर में होगा। भवन में फ ायर फ ाइटिंग सिस्टम, एचवीएसी सिस्टम, आईबीएमएस सिस्टम आदि का प्रावधान किया गया है। भवन में बेसमेंट फ्लोर 8828 वर्ग मीटर का, भूतल 7500 वर्ग मीटर का, प्रथम तल से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मया मइके के संग तीजा पोरा

परमानंद वर्मा

छत्तीसगढ़ का एक महान पर्व है तीज पोरा। बेटी, बहन, बहुएं और माताओं को मातृ शक्ति के रूप में पूजन किया जाता है। साल में एक बार ससुराल से मायका आती हैं, लायी जाती हैं और यथायोग्य राशि, कपड़े, जेवर आदि भेंट कर आदरपूर्वक सम्मान किया जाता है। किसी कारणवश नहीं आ पातीं हैं तब मायके न आने के गम में सिसकती रहती हैं। एक कहावत भी है मइके के कुकुर नोहर। इसी संदर्भ में पढ़िए यह छत्तीसगढ़ी आलेख।

बियारी करके सुखराम गुड़ी मेर सकलाय राहय तेन संगवारी मन करा जाके बइठ जथे। इहां गांव भर के गोठ बात ल लेके देश अउ परदेश भर के राजनीति, खेती-बाड़ी, घर-परिवार, बहू-बेटी के ऊपर चरचा होथे। कोनो तमाखू, गांजा मलत रहिथे तब कोनो चोंगी-बीड़ी के चस्का ले के जुगाड़ मं लगे रहिथे।

सुखराम ला देखते साठ खेलावन दाऊ कहिथे- कस रे सुखराम, तैं कइसे लरघीयाय असन कोंटा मं सपटे हस, का गोसइन संग लड़ झगड़ के आय हस?

- नहीं दाऊ, वइसन बात नइहे गा, आज थोकन खेत मं जादा काम होगे रिहिसे। बियासी निंदई-कोड़ई अउ कोपर घला चलत रिहिसे न, बुता थोकन जादा होगे रिहिसे तेकर सेती थकासी लागत हे।

सुखराम के ये बात ल सुनके खेलावन दाऊ कहिथे- अरे थकासी लागत हे काहत हस, शरीर हा रसरसाय असन लागत होही तब एकाध अद्धी मार ले नइ रहिते रे?

- अरे काकर नांव लेथस गौंटिया, ओ दिन अइसने ले परे रेहेंव तब तोर बहू हा नंगत ले भड़के रिहिसे अउ केहे रिहिसे अब कभू अइसन पीबे पियाबे तब ठीक नइ बनही ?

सुखराम के बात ल सुनके गौंटिया ओला चुलकावत कहिथे- तब अपन गोसइन ला अतेक डर्राथस रे। घर के मालिक तैंहर हस ते तोर गोसइन?

- कइसे करबे गौंटिया, बढ़ तेज हे तोर बहू हा। कुछु एती-तेती करबे, उलटा-सुलटा कर परबे, ककरो कभू मुंह तो आय लपर-लिपिर गोठिया परेंव अउ ओहर कहूं सुन डरिस के फलाना के बेटी, बहू, बहिनी अउ गोसइन संग तोर गोसइया गोठियावत-बतावत रिहिस हे कहिके, तहां ले तो ओ दिन घर मं रंगझाझर मात जथे, मोर बुढ़ना ल झर्रा देथे, तीन पुरखा ल पानी पिया देथे। ते पायके नहीं गोंटिया ओहर जभे कहूं कोनो गांव या मइके जाय रहिथे तभे हरहिंछा, मेछराथव् गोठियाथौं, बताथौं।

- हत रे कहां के डरपोकना नइतो, अइसने गोसइन ल कोनो डर्राही रे। गोंटिया ओला सीख देथे- छांद के रखना चाही ओकर मन के हाथ, गोड़ अउ मुंह ला..। जादा एती-ओती लपर-लिपिर, तीन-पांच करिस, मुंह फुलइस अउ शेर बने के कोशिश करिस तब देकर दू-चार राहपट। तैं ओला बिहा के लाय हस, ओ तोला नइ लाय हे, समझे। जादा हुसियारी करिस अउ मुंह चलाय के कोशिश करिस तब देखा दे ओकर मइके के रस्दा। एक घौं मं सोझ हो जाहय।

खेलावन गौंटिया के बात ल सुनके सुखराम कहिथे, बात तो तैं सोलह आना सही काहत हस मालिक, फेर मैंहर तोर सही नइहौं ना, मैं तो ओकर बोली ल सुनके ओतके मं कुकुर ल देखथे साठ बिलई असन सपट जथौं। ऊंच भाखा मं जउन दिन बोल परिहौं न तब ओ दिन मोर का हालत करही तउन ला मैं जानत हौं।

गोंटिया हांसथे अउ समझावत कहिथे- डर्राय के कोनो बात नइहे सुखराम। एक काम कर, ये दे मैं रखें हौं अद्धी, दूनो झन चल आधा-आधा मार लेथन। अउ घर मं जाबे न तब कुछु मत करबे, चुपचाप खटिया मं ढलंग जाबे। कुछु कइही, करही न तब एती ओती करके टरका देबे।

सुखराम झांसा मं आगे गौंटिया के, आधा-आधा मारिन तहां ले सुखराम बइठ नइ सकिस, अउ घर आगे।

- अई, आज कइसन जल्दी आगेस छितकी के कका, बइठक आज जल्दी उसलगे का? सुखराम अपन गोसइन रामकली के बात ल सुनिस तहां ले सकपकागे, अउ सोचे लगिस, ये कहूं जान डरही, ढरका के आय हे दारू ल कइके तहां ले मोर बारा ल बजा डरही भगवान। अब येला का जवाब देवौं, देवौं ते नइ देवौं?

अई कइसे कांही नइ बोलत हौ छितकी के कका? गोसइन तीर मेर आ जथे अउ सुखराम के धुकधुकी बाड़ जथे।

रामकली कहिथे- ये हो, सुनव ना, एक ठन बात हे, मान जतेव ते बने रहितिस।

सुखराम सोचथे- मउका बढ़िया हे, कइसे ओहर बघनीन ले आज सरु गऊ बने ले जाथे, का बात हे, जरूर कोनो राज हे? अब दारू के नशा थोकन चढ़त हे तब लहसाय बरोबर ओहर पूछथे- का बात हे मोर परान पियारी रामकली?

गोसइन ल समझत देरी नइ लगिस के आज एहा दारू पीके आय हे, फेर उहू ल अपन काम सिध करवाना रिहिसे तहां ले ओकर तीर मं ओध के कहिथे- तीजा-पोरा आवत हे, मइके जाय के साध लागत हे। मोर बहिनी, संगी-सहेली मन आही, दाई हा घला रस्दा जोहत होही। ओला कहि परे रेहेंव एसो आहूं दाई, खतम आहूं। तब अरजी हे जान देना चार-आठ दिन बर। अतका काहत सुखराम के नाक, कान, गाल ल चूमा देये ले धर लेथे। मने मन अपन गोसइन ल गारी देवत कहिथे- आन पइत कइसे दारू के गंध ल पावय तहां ले कुकुर-बिलई असन गुर्राय ले धर लय, आज का मोर मुंह ले सेंट के सुगंध निकलत हे तब धरे-पोटारे कस करत हे। कइसे पासा पलटत हे। घुरुआ के दिन बहुरथे कहिथे तउन इही ल कहिथे।

खेलावन दाऊ के बात सुरता आगे, बने गुरु मंत्र देये हस भइया। नशा मं तो रहिबे करे रेहेंव, केहेंव- कोनो जरूरत नइहे, मइके जाय के, भा? मं जाय तोर संगी-सहेली अउ दाई-काकी, तीजा-पोरा। खेत ल कोन देखही तोर बाप, तोर भाई-दाई। निंदई-कोड़ई परे हे, कोप्पर चलत हे, मैं अक्केला मरिहौं का? रांध के खाना कोन दिही?

अइसे दबकारिस सुखराम अपन गोसइन ल ते ओहर सकपकागे। अइसन टांठ भाखा मं कभू नइ बोले रिहिसे, ससुराल आय ऊपर ले पहिली बार आज जउन अइसन बगियाइस हे। जान तो डरे रिहिसे के दारू के नशा मं एहर बोलत हे अउ उतरही नशा तहं ले भीगी बिलई असन हो जही। कहूं एला रुतबा देखावत हौं, अपन ताव बतावत हौं तब दूर-चार गफ्फा देये मं कोनो देरी नइ करही।

रामकली घला खिलाड़ी कोनो कम नइहे, अपन काम निकाले के तरकीब जानथे। सुखराम के हाथ-गोड़ ल मालिस करे असन, सुलहारे कस गुरतुर बोली मं बोलथे- जादा नहीं, दू-चार दिन बर जान देना छितकी के कका, जादा दिन नइ लगावौं। गऊकिन काहथौं, मैं जल्दी आ जाहौं। मैं जानथौं- मोर बिगन तैं रेहे नइ सकस, छटपटाथस रात भर। गोसइन हौं तोर, मरद के आदत-सुभाव ल नइ जानिहौं।

सुखराम मने-मन गदकथे, अउ सोचथे ये डौकी-परानी के चाल ल तो देख, मइके जाना हे तब सरी खेल, दांव-पेंच खेलही। अउ बरज देथौं- नइ जाना हे तब कइसे थोथना फूल जही, कैकेयी बन जही, मोर खाना-पीना ल हराम कर दिही।

कहिथे- वाह खेलावन दाऊ, टिरिक तो बढ़िया बताय भइया, इही ल कहिथे अइस न ऊंट पहाड़ के नीचे। बहुत अकड़त रिहिसे, महीच आंव काहय। मइके जा हौं... मइके जाहौं... कइके सुलहारत हे, बरजेंव नइ जाना तब कइसे लेवना कस बनगे ?

मोरो पारी आहे, केहेंव- का रखे हे मइके मं तेमा मइके... मइके... तीजा-पोरा... तीजा-पोरा के रटन धर ले हस? कोनो हे का तोर उहां लगवार तेमा मइके जाहौं काहत हस? टेड़गा भाखा ल सुनिस तहां ले बोमफार के रोय ले धर लिस, अउ पांव तरी गिर के किहिस- मोला जतका मारना, पीटना हे मारपीट ले, फेर अतेक बड़े बद्दी झन लगा, मोर इज्जत मं कलंक झन लगा। जेकर नहीं तेकर कसम खवा ले तोर छोड़ ककरो संग करे होहूं ते।

रतिहा के बेरा, गोसइन के रोवई ल सुनिस तहां ले आसपास के दूर-चार झन परोसिन मन आगे, का बात होगे? बात बनाएंव, समझायेंव, केहेंव- तीजा-पोरा माने बर मइके जाहूं किहिस तब मैं मना करत केहेंव- खेती-किसानी के काम बगरे हे, बाद मं चल देबे। बस मोर माय-मइके ल तेहा छोड़ावत हस, अतके बात ल लेके एहर रोय-गाये ले धर लिस।

परोसिन मन किहिन- हमन समझेन कांही अउ कुछु दूसर बात, घटना तो नइ होगे, सोचके आ परेन भइया सुखराम, माफी देबे।

सुखराम सोचथे- माय मइके के मया अड़बड़ होथे, अउ साल मं एके बार तो ये मउका मिलथे जेमा चारों डाहर के बेटी, बहिनी, सहेली जउन अपन-अपन ससुराल जाय रहिथे, मिलथे- जुलुथे। महूं तो जाहूं मोर बहिनी, दीदी ल लाय बर, नइ आही, तेकर बर लुगरा-कपड़ा धर के जाय ले परही।

रामकली के दुख ल जानगेंव, समझगेंव, गजब मया पल-पलाय बरोबर रोवत रिहिसे तउन ल समझायेंव अउ केहेंव- जा रे मोर अनारकली मइके... छुट्टी देवत हौं, फेर झटकिन आबे, दिन्नी झन करबे। अतका काहत ओला पोटार लेंव। नशा तो चढ़े रिहिसे, ओकर चेहरा ल देखेंव तब बिहनिया तरिया मं खिले कमल फूल असन छतराय रिहिसे हे। गदकत रिहिसे। केहेंव- वाह रे मइके... वाह रे मया.. अउ वाह रे तीजा पोरा... तोर जादू...।

जाती-बिराती-
काबर सुरता हर आ आ के
हिरदय ल मोर निचोरत हे
कोन फूल फूले हे
कोन गंध मोहत हे
मुरझावत बिरवा ल
कोन ह उल्होवत हे।

- हरि ठाकुर

दुनिया के दिग्गज नेताओं का भारत आगमन, अतिथि देवो भव:

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा द्विपक्षीय वार्ता में जी-20 के भारतीय नेतृत्व की सराहना की !

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर तेजी से उभरकर चांद पर पहुंचकर अब सूर्य तक पहुंचाने के लिए कदम बढ़ा चुके दुनियां के महाशक्ति तारे बनने की ओर कदम बढ़ा चुके भारत द्वारा 9-10 सितंबर 2023 को जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस समिट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर 2023 को शाम दिल्ली पहुंचे। बाइडन से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत पहुंची थींबांग्लादेश को भारत की ओर से बतौर अतिथि जी-20 में बुलाया गया है। जी20 समिट का का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाए गए भारत मंडपम में होगा। इसके अलावा अन्य कुछ कार्यक्रम अलग-अलग स्थलों पर होंगे। शनिवार को सुबह 9:30 बजे सभी देशों और शिष्टमंडलों के नेता भारत मंडपम में पहुंचें हैं जिस तरह अनेकों महीनों से पूरे भारत में जी 20की बैठकों की मेजबानी भारत ने की है, उससे विकसित और विकासशील देश बहुत खुश नज़र आए। शायद यही कारण है कि ब्रिटेन फ्रांस ऑस्ट्रेलिया सहित भारत का करीबी दोस्त सहित रणनीतिक साझेदार अमेरिका से 8 सितंबर 2023 को दोनों रणनीतिक साझेदार करीबी से द्विपक्षीय वार्ता कर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा जी20 के सफ़ल नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की है, क्योंकि जिस तेजी से भारत अपनी क्षमताओं को वैश्विक पटेल पर रख रहा है और भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी तेजी से अपनी मंजिल पर पहुंच रही है, नए-नए समझौते हो रहे हैं, पुराने समझौते तेजी से क्रियान्वयन हो रहे हैं, लगातार इससे संबंधित अधिकारी मंत्रियों की बैठकें हो रही है उससे यही लगता है कि आने वाले वर्षों में भारत अमेरिका का विश्वस्त साझेदारी और विश्वस्त दोस्त माने जाएंगे और दोनों ही सर्वाधिक पावरफुल महाशक्तियां मानी जाएगी। चूंकि दुनियां के टॉप मोस्ट दिग्गज नेताओं सहित अमेरिकी राष्ट्रपति 8 सितंबर 2023 को अपने पहले भारतीय दौरे पर आए हैं इसके लिए भारत भी पूर्ण रूप से अतिथि देवो भवः की थीम पर स्वागत किए है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका विभिन्न मुद्दों पर द्वपक्षीय बैठक पर दुनियां की नजरे,

रणनीतिक साझेदार मिल बैठ इतिहास रचेंगे।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा की करें तो, दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है।भारत और अमेरिका ने 8 सितंबर2023 को देर शाम संयुक्त बयान में बताया कि बाइडेन ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना की। मोदी और बाइडेन ने जी20 के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास जताया कि शिखर सम्मेलन के नतीजे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाएंगे। दोनों नेताओं ने अपनी सरकारों से रणनीतिक साझेदारी को सभी आयामों में परिवर्तित करने का काम जारी रखने का आह्वान किया। दोनों देशों ने साझा बयान जारी कर बताया कि भारत की मेजबानी में 2024 में होने वाले क्वाड समूह की मीटिंग के लिए देश यूएस के प्रेसिडेंट बाइडेन का स्वागत करने को उत्सुक हैं।क्वाड की बैठक 2024 के शुरुआती महीने में होगी।इस ग्रुप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया है।बाइडेन ने पीएम मोदी के साथ मीटिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की पैरवी की। उन्होंने इस दौरान चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 को लेकर भी बधाई दी।बाइडेन अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आए है। यहां वह जी20 भागीदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बता दें इस सप्ताह भर में सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका से अनेक विमानों से आए है। इसके बाद बाइडेन 10 सितंबर को वियतनाम के लिए रवाना होंगे। वह वियतनाम के हनोई में वहां के महासचिव नगुयेन फू त्रोंग और अन्य प्रमुख नेताओं से चर्चा करेंगे इस दौरान अमेरिका और वियतनाम के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चाह होगी। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर भी बाइडन चर्चा करेंगे। वह यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति के युद्ध के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को भी कम करेंगे और वैश्विक चुनौतियों से निपटने सहित गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के लिए विश्व बैंक सहित बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाएंगे। नई दिल्ली में रहते हुए, राष्ट्रपति बाइडन जी20 के लिए प्रधान मंत्री मोदी केनेतृत्व की भी सराहना द्विपक्षीय वार्ता में की। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति के दिल्ली में रुकने की व्यवस्था की करें तो, मीडिया में एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति और उनकी पूरी अमेरिकन सिक्रेट सर्विसआईटीसी मौर्या में रुकी है। यहां के 400 कमरों को बुक कर लिया गया है। जबकि, जो बाइडेन को लेकर कहा जा रहा है कि वो इस होटल के 14वें फ्लोर पर हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस फ्लोर पर जाने के लिए एक स्पेशल लिफ्ट भी तैयार की गई है। जिस होटल में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन रुकेंगे, उस आईटीसी मौर्या होटल को देश के टॉप होटलों में गिना जाता है। यहां ज्यादातर विदेशी वीवीआईपी मेहमान ही रुकते हैं।इस होटल की ब्रांचेस पूरे भारत में हैं। ऐसे तो इस होटल के अलग अलग कमरों का किराया अलग अलग है, लेकिन जिस कमरे में जो बाइडेन रुकेंगे वहां काकिराया सबसे ज्यादा है एक पत्रिका में छपी एक खबर के अनुसार, जो बाइडेन इस होटल के जिस चाणक्या स्वीट में रुकेंगे उसमें एक रात ठहरने का किराया लगभग 8 लाख रुपये है। ये स्वीट 4600 स्क्वायर फीट में है। बाकी लोगों की बात करें तो ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक होटल शांग्री ला में रुकेंगे, जबकि फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों क्लारिजस होटल में ठहरेंगे, वहीं चीन के राष्ट्रपति ताज होटल में रुकेंगे शायद उनके आने की संभावना मुझे कम लगती है। इसी तरह बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति से माननीय पीएम ने दूरसंचार से बातचीत में उन्होंने भी आने की संभावना कम जताई उनके मंत्री स्तर के व्यक्तित्व रूसी प्रतिनिधि बनकर शामिल होंगे जबकि अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष अलग अलग कुल बुक हुए तीस से ज्यादा होटलों में ठहरेंगे। इस शिखर सम्मेलन की वजह से पूरी दिल्ली इस वक्त छावनी बनी हुई है। खासतौर से 8 से 10 तारीख के बीच तो दिल्ली में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। साथियों बात अगर हम जी-20 मेहमानों के संबंध में तैयारीयों की करें तो, दिल्ली में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर तैयारी अब आखिरी चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले तमाम राष्ट्राध्यक्षों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दीप जला कर दूर करो तम

दीप जला कर दूर करो तम,और सदा गम दूर भगाओ दीन दुखी जन देख, उन्हे मत छोड़ चलो, मत हाथ छुड़ाओ जैव अजैव सुधि सब की लो, प्यार करो सबको दुलराओ चीज सम्भाल धरो, सब चीजन का तुम मोल सबै बतलाओ। **शालिनी शर्मा**

कुछ देर पहले हम गर्मी को कोस

कुछ देर पहले हम गर्मी को कोस

रहे थे फिर बादल घिरने लगे पर ये क्या छीटा छांटी कर ये वो गए ये गए हो गए अब हम बारिश को कोस रहे है कि जब होनी ही नही थी तो आई ही क्यूँ थी अब फिर वही गर्मी मतलब चैन किसी भी सूरत मे नही मिलता बस कोस कर अपनी भड़ास निकालनी होती है। **भागीरथी सिंह**

खास पाती |

नटखट कान्हा तेरा आना

नटखट कान्हा तेरा आना,सबके मन को भा गया, तुझसे ही जन्मों का नाता,आकर तू ही बता गया। बिन तेरे वृंदावन कैसा,कहती गोकुल की गलियां, राधा के मन मंदिर में तू, श्याम बन कर समा गया। आकांक्षा द्विवेदी बिंदकी फतेहपुर आप सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। **आकांक्षा द्विवेदी**

अष्टमी थी भाद मास मथुरा के

अष्टमी थी भाद मास मथुरा के कारावास देवकी ने जायो लाल छवि अविराम है। तारा सब टूटे कारा पछिया में लाल डारा वासुदेव चल दिये नन्द बाबा धाम हैं। श्यामल श्यामल काला नैन भरे मधुशाला भक्त को करें निहाला कान्हा तेरो नाम है। करूँ मैं पग वन्दन आ नन्द जी के नन्दन धरूँ तोरे माथ चन्दन ललित ललाम है। **रजनी रामदेव**

आंखों से वो शराब, पिलाकर

आँखों से वो शराब, पिलाकर चला गया वो तश्नगी लबों की, बढ़ाकर चला गया वो मुस्कुरा के प्यार से, देखा जो एक बार सोया मेरा था ख़्वाब, जगाकर चला गया अपनी ग़ज़ल सुना के हँसाया, वो बार-बार

दिल का मेरा वो दर्द, मिटाकर चला गया हाथों को मेरे ले के, दबाया वो ज़ोर से वो फिर से अपने घर पे, बुलाकर चला गया वो आसमाँ के चाँद-सितारों की बातकर दिल में मेरे वो फूल, खिलाकर चला गया ज़ख़्मों को मेरे ऐसा कुरेदा, वो बार-बार आँखों से मेरे अश्क, बहाकर चला गया शीरी ज़बाँ, गुलाबी बदन खुशबुओं से तर आया नज़र में मुझको, बसाकर चला गया 'ऐनुल' मेरा वो हाथ लिया, अपने हाथ में मुझपर वो अपना प्यार, लुटाकर चला गया। **'ऐनुल' बरौलवी**

कई बार गिर जाना भी बहुत

कई बार गिर जाना भी बहुत अच्छा होता है जैसे सीप के मुंह में गिर कर स्वाति बूंद बन जाती है मोती जैसे मिट्टी में गिर कर बीज बन जाता है वृक्ष जैसे बादल से गिर कर पानी नदी-सागर बन जाता है जैसे पेड़ से गिर कर कोई फल बन जाता है थ्योरी क्योंकि गिर जाना गुरुत्वाकर्षण की सबसे जरूरी क्रिया है ताकी बची रहे धरती और बना रहे धरती पर संतुलन। **सत्या शर्मा कीर्ति**

कैलेंडर ना होता तो एक दिन से

कैलेंडर ना होता तो एक दिन से दूसरा दिन अलग करना ना मुमकिन ही था। नए समाचार तक भी अब पुराने लगने लगे हैं। वही हिंदू मुसलमान, सिख ईसाई के बीच दंगे प्रसाद नेताओं के भाषण अनेक चीज पास है। लेकिन फिर भी जिंदगी कितनी खूबसूरत है नहीं होती तो क्यों ? हम जिंदगी जी रहे होते हैं। हम सब सूत्रधार हैं। **गौरी पटले**

ये कैसा नूर, ये कैसा नूर,

ये कैसा नूर, ये कैसा नूर, मेरी आँखों से छलक आया है, कही कोई चाँद तो नही, सीने में उतर आया है, जो अब मेरे दिल की गर्मी से, पिघलता रहता है, कुछ दर्द सा ऐसा, मेरी नस में समाया है, बेख्वाब से मेरे चेहरे पर, कोई खौफ सिमट आया है, वो नूर जो मेरी आँखों में था, अब वो आहिस्ता-आहिस्ता, मेरे रुखसार पे फिसल आया है। **नमन कुमार मिश्रा**

जब खोजा गया,दोस्त उसमे

जब खोजा गया, दोस्त उसमे तब उसके भीतर से एक प्रेमी निकला। जब, ढूंढा गया एक प्रेमी उसमे उसके भीतर से एक मित्र निकला। जब ढूंढा गया एक परिपक्व पुरुष उसमे उसमे से एक अल्हड़ युवा निकला। जब ढूंढा गया एक पिता उसमे उसके भीतर से एक पति निकला जब ढूंढा गया एक पति उसमे उसके भीतर से एक पिता निकला। शायद पुरुष इस संसार की सबसे गलत तरीके से खोजी गई सही इकाई है। **कुलदीप वर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 10 सितंबर की घटनाएं इस प्रकार है:- 1846- एलायस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया। 1847- हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला। 1887- स्वतन्त्रता सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म। 1926- जर्मनी मित्र राष्ट्रों के संघ में शामिल हुआ। 1935- सतीश संजन दासने दून स्कूल की स्थापना की। 1939- कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1966- संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी। 1974- अफ्रीकी देश गिनी को पुर्तगाल से आजादी मिली। 1976- इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का अपहरण। 1996- संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि तीन के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों ने किया संधि का विरोध। 1926- जर्मनी ने 'लीग ऑफनेशंस' की सदस्यता ली। 2002- यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। 2015- जापान में बाढ़ और भूस्खलन से 90 हजार लोग बेघर हुए। 2016- रियो पैरा ओलंपिक में मरियप्पन थंगावेलु ने स्वर्ण पदक और वरुण भाटी ने कांस्य पदक जीता।

QUIZ TIME

1) संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पूँजी बिलों से संबंधित है?
2) हाल ही में जी20 वन स्वास्थ्य कार्यशाला का उद्घाटन कहां किया गया है?
3) ग्रीक ने राजनीतिशास्त्र को किसकी मूल मान्यताओं के अनुसार देखा?
4) किसका उपयोग प्रोसेस्ड जानकारी अर्थात् कम्प्यूटर में इनपुट सबमिट करके आउटपुट प्राप्त करने के लिए किया जाता है?
5) हाल ही में किस भारतीय ने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अनुच्छेद-110 (2) बेंगलोर (3) नैतिक दृष्टि से (4) सॉफ्टवेयर (5) डॉ. रवि कन्नन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज घर एवं बाहर का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। ज्यादा मेहनत नही करनी पड़ेगी पक्ष लेंगे अथवा जो भी निर्णय लेंगे उसमे अवश्य ही जय होगी।
वृष-व्यवहार एक समान नही रहेगा। पल पल में बदलती मनोदशा खुद के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेगी।
मिथुन-व्यक्तित्व निखरा रहेगा। अपनी वाणी एवं व्यवहार से प्रभावित कर किसी से भी आसानी से काम निकाल लेंगे।
कर्क-हानिकारक रहेगा। प्रत्येक कार्य मे सावधानी अपेक्षित है। व्यवसाय के साथ घरेलू कार्यो में जल्दबाजी ना करें आर्थिक हानि के प्रबल योग बन रहे है।
सिंह-आज का दिन आपके लिये सम्मानजनक रहेगा। शारीरिक रूप से कुछ कमी रहेगी लेकिन मानसिक रूप से भले बुरे का ध्यान रख कर ही प्रत्येक कार्य को करेंगे।
कन्या-आज का दिन भी आपके लिए शुभ रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक अथवा घरेलू कार्यो को लेकर व्यस्त रहेंगे इसके बाद व्यावसायिक कारणों से परिश्रम करना पड़ेगा।
तुला-आपके आस पास का वातावरण अस्त-व्यस्त रहेगा कार्य व्यवसाय में भी निश्चितता नही रहेगी।
वृश्चिक-आरम्भ से मध्यान तक शारीरिक शिथिलता के कारण किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा कार्य क्षेत्र पर भी अन्य लोगो के भरोसे रहना पड़ेगा।
धनु -आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी।
मकर-आज का दिन बीते कल की अपेक्षा थोड़ा राहत वाला रहेगा। लेकिन आज आपका स्वभाव कुछ गर्म रहेगा।
कुंभ -आप स्वयं निश्चिन्त होकर कार्य करेंगे लेकिन अपने संपर्क में आने वालों को अवश्य परेशानी में डालेंगे।
मीन-आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। दिन के आरंभ से ही काम आपकी सोच से उल्टे होंगे मन मे नकारात्मक भाव आएंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -181

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 180 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

राज्यपाल से मिले श्याम संगीत सृजन संस्थान के पदाधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में श्याम संगीत सृजन संस्थान सक्ती के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर राज्यपाल को संस्थान की ओर से सम्मान पत्र प्रदान किया। अध्यक्ष श्याम कुमार चंद्रा ने अपने द्वारा संपादित अमर शहीदों के नाम पुस्तक राज्यपाल को भेंट की।

युवा कोटवार कल्याण संघ ने राज्यपाल से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से युवा कोटवार कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरोज मानिकपुरी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने कोटवारों के विभिन्न मांगों के संबंध में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में तुकाराम देवदास, अदालत दास मानिकपुरी, मेहतरदास मानिकपुरी शामिल थे।

आगामी खरीफ सीजन में बायोमेट्रिक व्यवस्था से होगी धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मीलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा की अनुरूप छत्तीसगढ़ में पंजीकृत किसानों से आगामी खरीफविपणन वर्ष 2023-2024 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी 01 नवंबर 2023 से धान खरीदी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत शुरू होगी और 31 जनवरी 2024 तक चलेगा। इसी तरह मक्का खरीदी भी 01 नवंबर 2023 से ही शुरू होगी और 28 फरवरी 2024 तक चलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष में किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा औसत अच्छी किस्म (एफएक्यू) के धान एवं मक्का के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। धान

कामन के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2183 रूपए प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2203 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की जाएगी। इसी तरह मक्का प्रति क्विंटल 2090 रूपए के भाव से खरीदी की जाएगी। मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में केंद्र सरकार से राज्य की लेनदारी के अंतर्गत केंद्र सरकार की एजेन्सी के रूप में केन्द्रीयकृत एवं विकेन्द्रीकृत योजनांतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किया जाता है। आज की स्थिति में जमा चावल के विरूद्ध भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ एवं नागरिक आपूर्ति निगम की केंद्र सरकार से 4195 करोड़ रूपए सहित कुल राशि 6400.30 करोड़ रूपए लेनदारी केंद्र सरकार से शेष है। जिसमें पत्र लिखकर लेनदारी की राशि के लिए अनुग्रह करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी खरीफवर्ष 2023-24 में बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। अभी तक प्रदेश के लगभग 05 लाख किसानों के पंजीयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। बायोमेट्रिक धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में किसानों को जानकारी देने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए है। बैनर और पोस्टर समिति स्तर पर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा कृषि एवं सहकारिता से संबंधित संगठनों की बैठक लेकर किसान पंजीयन की जानकारी देने के निर्देश दिए गए है। मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में प्रदेश में किसानों के धान विक्रय में सहुलियत को ध्यान में रखते हुए उपार्जनों केन्द्रों की संख्या लगातार वृद्धि की जा रही है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष और भी कुछ धान उपार्जन केंद्र खुलेंगे। वर्तमान में 2617 धान उपार्जन केंद्र संचालित है। विगत वर्ष राज्य के 24.96 लाख किसानों ने पंजीयन करवाया था, जिसका रकबा 32.15 है। राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और फैसलों के चलते गत वर्ष लगभग ढाई लाख नवीन किसानों ने पंजीयन करवाया था और किसानों से रिकॉर्ड 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। इस वर्ष भी किसानों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित की लक्ष्य के मद्देनजर बारदाने एवं खरीदी व्यवस्था दुरूस्त किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष धान खरीदी के लिए बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। साथ ही ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन टोकन व्यवस्था के चलते सफ्लतापूर्वक धान खरीदी हुई थी।

भाजपा डरे नहीं बेखौफ यात्रा निकाले : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा द्वारा अपनी परिवर्तन यात्रा के पहले उसकी सुरक्षा को लेकर जताई जाने वाली चिंता चोर की दाढ़ी में तिनका के जैसे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन काल में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को घोर नक्सली इलाकों में सुरक्षा नहीं दिया जिसके कारण कांग्रेस ने अपने नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया था जिसमें 31 लोगों की शहादत हुई थी। भाजपा को इस बात का डर सता रहा है कि कांग्रेस सरकार भी उन्हीं के समान सुरक्षा में कटौती न कर दे। दलगत आधार पर सुरक्षा देना और सुरक्षा हटाना भाजपा की मानसिकता रही है। कांग्रेस पार्टी के लिये हर नागरिक की सुरक्षा देना और हर नागरिक का जीवन अनमोल है। भाजपा की तरह कांग्रेस दोहरी मानसिकता से काम नहीं करती। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दिया था। जिसके कारण कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की पूरी पीढ़ी की हत्या हो गयी थी।

श्री शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हुए झीरम का क्रूर नरसंहार हुआ था जिसमें कांग्रेस के बड़े नेताओं की पूरी पीढ़ी की हत्या कर दी गयी थी। प्रदेश की जनता जानना चाहती है बस्तर के घोर नक्सल क्षेत्रों में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को रमन सिंह ने क्यों हटवाया था? परिवर्तन यात्रा के

ठीक एक हफ्ता पहले रमन सिंह स्वयं विकास यात्रा लेकर बस्तर गये थे उनकी विकास यात्रा में पूरी सुरक्षा दी गयी थी। नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा जैसे नेताओं की उपस्थिति वाली कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को पूरी तरह हटा लिया गया था? रमन सिंह बतायें उन्होंने किस उद्देश्य से कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को हटाया था? भाजपाई अनावश्यक डर रहे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद हालात में परिवर्तन आ गया है। अब वे बिना सुरक्षा के भी भयमुक्त होकर अपनी राजनैतिक गतिविधियां संचालित करें। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य के नक्सल घटनाओं में 80 प्रतिशत तथा नक्सल हत्या में 50 प्रतिशत की कमी आई है।

रायपुर में 180 पदों पर होगी सीधी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए जाब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह फेयर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 11 सितंबर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि जाब फेयर के माध्यम से मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ईडीपी सर्विसेस, गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा ट्रेनी सुपरवाइजर के 180 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए योग्यता न्यूनतम 10वीं पास (50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण) रखी गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 20 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक एओ लारी

ने बताया कि चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम माह से ही 15 हजार रुपये तथा 13 सौ रुपये (कुल 16 हजार पांच सौ रुपये) एवं अन्य सुविधाएं (निश्शुल्क भोजन व्यवस्था) के साथ-साथ एनसीवीटी (आइटीआइ) का सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।

लारी ने बताया कि मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड के गुरुग्राम (हरियाणा) के प्लांट में कार्य करने के इच्छुक योग्य आवेदक अपने साथ 10वीं के अंकसूची, आधार कार्ड की दो-दो प्रतियों के साथ जाब फेयर के लिए निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करवाने एवं स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

रीपा में महिलाएं तैयार कर रही आकर्षक गणेश मूर्ति

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश चतुर्थी त्योहार आ रहा है ऐसे में रीपा से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाएं सुंदर और आकर्षक गणेश भगवान की प्रतिमा बना रही है।

पूरे देश में धूम धाम से गणेश चतुर्थी मनाया जाता है और 10 दिनों तक घरों और पंडालों में गणेश भगवान विराजमान होते हैं। त्योहार के अवसर पर बड़ी संख्या में गणेश भगवान मूर्ति की मांग बनी रहती है अम्बिकापुर जिले के रीपा मेंड्राकला की गणेश की मूर्ति निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति ममूह की महिलाओं द्वारा गणेश प्रतिमा बना रही है। महिलाओं ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए गणेश प्रतिमा बनाने की मांग अच्छी खासी बनी हुई है। अब तक 7000 रूपए के मूर्ति का विक्रय भी कर चुके हैं। डिमांड इतनी ज्यादा है कि लोगों के द्वारा एडवांस में मूर्ति आर्डर दिया जा रहा है।

एम्स के सीसीयू में अब ईसीएमओ की सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के क्रिटिकल केयर यूनिट में अब अत्याधुनिक एक्स्ट्राकॉरपोल मेंब्रॉन आक्सिजीनेशन (ईसीएमओ) सेवाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। सीसीयू में प्रदान की जाने वाली यह सेवाएं किडनी और हृद्य संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को प्रदान की जाएंगी। वर्तमान में कीटनाशक की वजह से किडनी और हृदय की समस्याओं से पीड़ित 15 वर्षीय बालक को यह चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। मध्य भारत के किसी सरकार चिकित्सा संस्थान में यह सेवाएं पहली बार प्रदान की जा रही हैं।

ईसीएमओ में हृदय या किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसी प्रकार की एक समस्या से पीड़ित बेमेतरा के 15 वर्षीय रोगी को

तीन डायलिसिस के बाद भी आराम नहीं मिल रहा था। इसे एम्स के क्रिटिकल केयर यूनिट में उपचार के लिए एडमिट किया गया था। यहां इसे ईसीएमओ की सेवाएं प्रदान की गई जिसके बाद रोगी की स्थिति स्थिर बनी हुई है। रोगी को जहरीले कीटनाशक के सेवन की वजह से हृदय और किडनी संबंधी कई दिक्कतें हो रही थी। ईसीएमओ के अंतर्गत हृदय और किडनी संबंधी कार्य को मैकेनिकल विधि से किया जाता है।

इस दौरान शरीर को घातक बीमारी से उबरने के लिए समय प्रदान किया जाता है। आमतौर पर सीसीयू में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों की अपेक्षा यह अत्याधुनिक चिकित्सा विधि है। मध्य भारत के किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान में यह पहली बार एम्स में उपलब्ध कराई गई है। निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने रोगी का उपचार करने वाली टीम में शामिल एनेस्थिसिया विभागाध्यक्ष प्रो. एन.के. अग्रवाल, डॉ. चिन्मय कुमार पंडा, डॉ. नितिन कश्यप, डॉ. प्रणय मेश्री, डॉ. विनय राठौर और डॉ. जितेंद्र कलबंडे को बधाई दी है। डॉ. पंडा ने बताया कि इस प्रकार के रोगियों के बचने की सिर्फ 30 प्रतिशत संभावना होती है। ऐसे में ईसीएमओ की सेवाएं समय पर प्रदान किया जाना अत्यावश्यक है। टीम में डॉ. आदित्य, डॉ. प्रिया, डॉ. साईंनाथ, डॉ. भारत, डॉ. सुदीप, डॉ. हिमांशी, डॉ. संद्रा, डॉ. प्रीति, डॉ. सरवनी, नर्सिंग ऑफि सर महेश गोमे, जिबिन, गोविंद, सृष्टि, संतोष, इतिश्री और विजय शामिल थे।

आईटीबीपी के महानिदेशक ने पुलिस अफसरों की ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के छत्तीसगढ़ प्रवास के अवसर पर पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईटीबीपी के तैनाती क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियानों को गति देने हेतु कार्य योजना, आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु आपसी समन्वय एवं रणनीति के सम्बन्ध में चर्चा हुई। बैठक में पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा, महानिदेशक आईटीबीपी अनीश दयाल सिंह तथा छ.ग.पुलिस एवं आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। पूर्व

में 25 जुलाई को हैदराबाद, तेलंगाना में सीमावर्ती राज्य आंध्रप्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र, 19 अगस्त को इंदौर, मध्यप्रदेश में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश, 28 अगस्त को नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में सीमावर्ती राज्य ओड़िशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है। छत्तीसगढ़ के समस्त सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक सम्पन्न हो चुकी है। आज की बैठक आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के संबंध में रणनीति पर चर्चा हेतु महानिदेशक स्तर की चतुर्थ बैठक है।

छग में बनेगा योगासन का वर्ल्ड रिकॉर्ड

2 हजार से अधिक योग साधक करेंगे पूर्वाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत सेतुबंध आसन का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने लगभग 2 हजार योग साधकों ने आज सुबह रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए हजारों लोगों द्वारा सामूहिक

योगाभ्यास कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान दर्ज कराया जाएगा। योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ योग आयोग पहले भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान बना चुका है। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में आधे घंटे तक सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। 2 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास के लिए पंजीयन कराया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण भी शामिल होंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से 'योग' के रिकॉर्ड प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है।

एनएमडीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। भारत का प्रमुख सावर्जिनक क्षेत्र के उद्यम, एनएमडीसी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के लिए अपने अभियान के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी बी. विश्वनाथ (आईआरएसएस) ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार न्यायसंगत, नैतिक और सतत विकास को बनाए रखते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के पालन करने के लिए निर्देश दिए।

कलिंगा में 'व्यक्तिगत साक्षात्कार कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध कलिंगा विश्वविद्यालय ने होटल अमित पार्क इंटरनेशनल, भिलाई में आकांक्षी छात्रों और अंतिम वर्ष के उम्मीदवारों के लिए एक बेहद सफल समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार (जीडीपीआई) कार्यक्रम की मेजबानी की। भिलाई और रायपुर के कई संस्थानों के 150 से अधिक उत्साही छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

जिसका आयोजन कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा किया गया था। छात्र कल्याण की डीन डॉ. जैस्मीन जोशी ने इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और एक आकर्षक प्रस्तुति के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय का एक व्यावहारिक प्रस्तुतिकरण दिया, जिसमें उपस्थित लोगों को विश्वविद्यालय के लोकाचार और शैक्षिक प्रस्तावों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।

वाणिज्य और प्रबंधन संकाय की प्रमुख शिंकी पांडे ने छात्रों को समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आचार संहिता के बारे में जागरूक करने के लिए संबोधित किया। जो छात्र अपने शैक्षणिक और करियर के इन महत्वपूर्ण चरणों के लिए तैयारी कर रहे थे, उन्होंने उनके ज्ञान और सलाह को अत्यधिक मूल्यवान पाया।

डीएमके और कांग्रेस सनातन धर्म विरोधी : भाजपा

पुराना बस स्टैण्ड में छीना झपटी के बीच पुतला दहन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने विधायक पुन्नूलाल मोहले व जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक के उपस्थिति में कांग्रेस नीत यूपीए के सहयोगी पार्टी डीएमके के उदयनिधि स्टालिन, प्रियांक खरगे, ए राजा का सनातन धर्म को खत्म करने की बात कहने के कारण भगवान श्रीपरशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड में पुलिस से छीना झपटी के बीच पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने डीएमके और कांग्रेस पार्टी को सनातन और हिन्दू धर्म विरोधी करार देते हुए अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और भगवान श्रीपरशुराम चैक पुराना बस स्टैण्ड पहुँचकर सनातन विरोधी उदयनिधि स्टालिन, प्रियांक खरगे व ए राजा का पुलिस से छीना झपटी के बीच पुतला दहन किया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी पार्टी के नेताओं ने हमेशा से सनातन का अपमान किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक ने भी उदयनिधि का समर्थन करते हुए देश के बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं का अपमान करते सनातन धर्म को बीमारी कहा है। मोहले ने कहा कि सनातन धर्म बीमारी नहीं है बल्कि सनातन का अपमान करने वाले मानसिक बीमारों का इलाज है। यूपीए गठबंधन में शामिल पार्टी के नेताओं में सनातन धर्म के अपमान की होड़ लगी है। डीएमके के बाद समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद ने भी सनातन धर्म के लिये अपमानजनक बातें कही है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जब सनातनियो का वोट चाहिए होता है तब इनके आका कोट के ऊपर जनेऊ पहन लेते हैं और गोत्र तक बताते है परंतु सहयोगियों द्वारा सनातन धर्म के अपमान पर उनका साथ देते हैं।

छग, मध्यप्रदेश, राजस्थान में सनातन को मानने वाले बहुसंख्यक है इसलिए यहां कांग्रेस नेता सनातन धर्म के साथ खड़े होने का दिखावा कर रहे है परंतु दूसरे राज्यों में ये सनातन को खत्म करने की बात करने वालों के साथ है। कांग्रेस ने वोटों के लिये हमेशा से दोहरा चरित्र अपनाया है। युवामोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग सिंह ने कहा कि कांग्रेसी नेता कालनेमि की तरह हैं जो अपने हिन्दू वोटों के लिये एक तरफ तो भगवान श्रीराम भक्त होने का ढोंग करते हैं वहीं दूसरी ओर उन्हीं श्रीराम को कोर्ट में काल्पनिक बताते हैं। सनातन विरोधियों के पुतला दहन के अवसर पर मुंगेली नगर, मुंगेली ग्रामीण, सेतगंगा व जरहागांव मण्डल के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में 18 सितम्बर को शहीद स्मारक प्रतिमा स्थल कचहरी चौक जांजगीर में एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कृषक संगोष्ठी, विधिक सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा। समारोह में बैरिस्टर साहब के जीवनी पर प्रदर्शनी, विभागों को शासन के योजनाओं के प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए है। किसान संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों द्वारा किसानी के आधुनिक तकनीक, जैविक पद्धति, फसल चक्र की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार विधिक संगोष्ठी में विधि विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक अकलतरा सौरभ सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य हरप्रसाद साहू, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष व्यास नारायण कश्यप, दिनेश शर्मा, बैरिस्टर अकादमी अध्यक्ष देवेश सिंह, रफीक सिद्दिकी, डॉ परस शर्मा, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, संयुक्त कलेक्टर डॉ आराध्या राहुल कुमार, सतीश सिंह सहित स्थायी समिति के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पारदर्शी व निष्पक्ष काउंसलिंग कर नई पदस्थापना की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। संशोधन निरस्तीकरण के बाद पीड़ित व पदोन्नत शिक्षक को शामिल कर पारदर्शी व निष्पक्ष कॉन्सलिंग कर नई पदस्थापना करने की मांग छग संयुक्त शिक्षक महासंघ ने की है। संघ ने भ्रष्टाचार में शामिल सरगना दलाल का नाम उजागर करने की बात पीड़ित शिक्षक से कही है। छग संयुक्त शिक्षक महासंघ कपट पूर्ण पदस्थापना संसोधन आदेश को निरस्त करना जायज बताया। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छग के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने स्पष्ट किया कि छग संयुक्त शिक्षक महासंघ कभी भी पदोन्नति निरस्त करने की मांग की। बल्कि धन बल के बदौलत, गैर कानूनी प्रक्रिया से पदस्थापना करा लाभ प्राप्त किया। वही मूल पदस्थापना आदेश के अनुसार दुर्गम स्थानों पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका क्या दोष था। धन बल, सिफारिशों से ऐसे संसाधनो या तरीकों की अनुमति दी जाएगी तो भविष्य में अच्छा कार्य करने वाले लोग हतोत्साहित होंगे और दुर्गम स्थानो पर कार्य करने तैयार नहीं होंगे। इसलिए सूची निरस्त कर सरकार का सही कदम है। साथ ही इस गिरोह की पड़ताल करने एफआईआर की जरूरत है महासंघ के सभी प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, शंकर साहू, चेतन वर्मा, भूपेंद्र बनाफर, विक्रम राय, धर्मेंद्र बंजारा, कमल मुरचुले ने एकमत होकर सभी पदोन्नति प्राप्त (कार्यभार ग्रहण व संसोधन निरस्त) वाले शिक्षकों का पुनः कॉन्सलिंग आयोजित कर शासन के गाइड लाइन के अनुसार पदस्थापना करने की मांग की है।

गोधन न्याय योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

सभी सक्रिय गौठानों में नियमित गोबर खरीदी करने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी सक्रिय गौठानों में विकासखंडवार गोबर खरीदी की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक पखवाड़ा सभी गौठानों में कम से कम 30 क्विंटल गोबर खरीदी होनी चाहिए। उन्होंने गौठान के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने गौठानों का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है, इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्रय किए जाने वाले गोबर से निर्धारित अनुपात में वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बिना सूचना के अनुपस्थित विभिन्न गौठानों के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही गौठान में विभिन्न अधोसंरचना निर्माण संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाने पर एपीओ मनरेगा को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा।

उन्होंने विभिन्न विभागों में वर्मी कंपोस्ट उठाव की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य के अनुरूप उठाव सुनिश्चित करें। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता बताते हुए उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। वर्मी कम्पोस्ट में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इसके उपयोग से खेतों की उर्वरता में वृद्धि होती है। साथ ही मिट्टी की भौतिक संरचना में परिवर्तन होता है और उसकी जल धारण क्षमता भी बढ़ती है। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने गौठानों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और कहा कि गौठानों में सुचारू रूप से गोबर खरीदी के लिए अतिरिक्त वर्मी टांका, शेड की आवश्यकता होने पर प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि गौठानों का सुचारू रूप से संचालन हो तथा नियमित गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि गौठान समितियां सक्रिय होना चाहिए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

दाबो में अधेड़ व्यक्ति की मिली लाश

मुंगेली/नवप्रदेश। फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दाबो में खार में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश ग्रामीण ने देखी। जिसकी ग्रामीणों ने थाना में सूचना दिया। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

लाश की शिनाख्त के लिए परिजनों को गुम इंसान के परिजन को बुलवाकर शिनाख्त कराया गया। जिसकी पहचान ग्राम कारेसरा निवासी बिसौहा राम साहू 62 वर्ष के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र मोतीराम साहू ने बताया कि 5 सितंबर मंगलवार को मृतक घर से पड़ोस के ग्राम से पैसा निकालने गया था। मृतक अपने भाई को रकम व पासबुक देकर अपने पुत्र को दे देना कहकर चला गया। उसके बाद से वह लापता था। परिजन खोजबीन कर रहे थे। नहीं मिलने में गुरुवार को परिजनों ने सूचना फास्टरपुर थाना में दिए थे। लापता की तलाश पिछले दो दिनों से पुलिस एवं परिजन अपने स्तर पर कर रहे थे। आज उसकी लाश मिलने से घर वाले सकते में आ गये। गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

22 तक मंगाये गये अंशकालीन व्याख्याताओं से आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्यापन कार्य हेतु मेकेनिकल इंजी.विभाग में एक अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 सितम्बर 2023 तक प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए शैक्षणिक अर्हता छ.ग.तकनीकी शिक्षा (शिक्षण संवर्ग पालीटेक्निक)राजपत्रित सेवा भर्ती नियम 2014 के अनुसार होगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

11 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 11 सितंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में ट्राई इंडस्ट्रिज प्राइवेट लिमिटेड कुसमुण्डा कोरबा द्वारा ब्लॉक मैनेजर के 05 पद, सुपरवाइजर के 25 पद तथा एडवाईजर के 80 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसी प्रकार लक्ष्य ग्रुप ऑफ कंपनी घंटाघर कोरबा स्वरोजगार (दोना पत्तल बनाने) हेतु भी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

कर्मचारियों को मिला विकल्प का अवसर

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य के 1 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त हुए सभी शासकीय कर्मचारियों को ओपीएस या एनपीएस में रहने हेतु विकल्प भराया गया था। यदि किसी कर्मचारी को अपने चयन किए विकल्प में संशोधन करना है या ओपीएस का चयन करना है, उनके लिए विधिवत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। कर्मचारी अपने आहरण अधिकारी के माध्यम से जिला कोषालय कोरबा को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्री. मेडिकल एवं प्री. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आज

कोरबा/नवप्रदेश। युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री. मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों का प्राक्रयन परीक्षा 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रायपुर के सड्ढू, उरकुरा मार्ग स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया है।

अवैध फ्लाईऐश निपटान करते दो गाड़ियां पकड़ाई

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के द्वारा फ्लाई ऐश के परिवहन एवं निपटान की सतत् रूप से निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में अवैध फ्लाईऐश निपटान करते दो गाड़ियों पर 78 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल जिला-रायगढ़ अंकुर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि

रायगढ़ से चपले मार्ग तक फ्लाईऐश परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान बिना अनुमति स्थल पर अवैध फ्लाईऐश निपटान किया जाना पाया गया। उक्त दोनों वाहनों पर 1500 रुपये प्रतिटन के अनुसार 78 हजार रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। साथ ही उद्योग को फ्लाईऐश का उचित प्रबंधन करने हेतु नोटिस जारी किया गया।

कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी द्वारा जन सामान्य की सुविधा के लिए फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग, परिवहन के संबंध में जानकारी व शिकायत के लिए व्हाट्सअप नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिस पर मैसेज कर फ्लाईऐश के अवैध परिवहन व डंपिंग के बारे में शिकायत की जा सकती है।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार

दो कनिष्ठ अभियंताओं को नोटिस जारी के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने जिले में लगातार अघोषित बिजली कटौती की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और निर्बाध एवं सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जनदर्शन और कॉल सेंटर में विद्युत से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी विद्युत कटौती से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहां कर्मचारियों को भेजकर निराकरण कराएं। उन्होंने ट्रांसफर्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल बदलने और नवीन विद्युत ट्रांसफर्मर के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के दो कनिष्ठ अभियंताओं को कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता और कॉल सेंटर में लंबित प्रकरणों को गंभीरता से नहीं लेने पर शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिकायत लेकर लोग जनदर्शन में अपनी आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। विभागीय अधिकारी इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए कार्य करें। जिले से नागरिकों को विद्युत से संबंधित समस्या नहीं होना चाहिए। उन्होने बिजली बिल हाफ योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में भी जानकारी ली और अधिक से अधिक योजना के लाभ दिलाने की बात कहीं।

12 को विहिप बजरंग दल का शौर्य जागरण यात्रा

सनातन संस्कृति और हिंदू समाज पर हमला बर्दाश्त नहीं : विजय आदित्य सिंह

पत्थलगांव/नवप्रदेश। हे भारत के राम जागो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं, सब धर्मो का एक धर्म, बलिदान बताने आया हूं, इस संदेश को लेकर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद जशपुर में 12 सितंबर को शौर्य जागरण यात्रा निकालने जा रहा है. इसकी व्यापक तैयारी भी की जा रही है. इस यात्रा में सभी सनातन प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सनातन धर्म के प्रति अपनी जागरूकता दिखाने का आग्रह किया गया है.शौर्य जागरण यात्रा दिनांक 12 सितंबर को 12 बजे दोपहर महाराजा चौक जशपुर से नगर भ्रमण करते हुए जशपुर नगर बस स्टैंड तक आयोजित है।

शौर्य जागरण यात्रा की ज्यादा जानकारी देते हुए बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने बताया कि आज के युवा अपने देश के वीर सपूतों के शौर्य को समझे जाने और उनसे जुड़े इस भाव को लेकर यह यात्रा निकलने जा रही है, इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज कि हिंदू शक्ति को एकत्रित करना है। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने यह बयान पर कहा है कि बजरंग दल द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा हो। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति और हिंदू समाज पर जो चौतरफा हमला किया जा रहा है वह किसी भी स्थिति में बर्दिस्त नहीं किया जायेगा। इस यात्रा के जरिए खुलकर इसका विरोध भी दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिन्दू परिषद के महामंत्री योगेश सिन्हा पप्पू, विक्रांत कश्यप जिला उपाध्यक्ष बजरंग दल, संदीप यादव, राजन ताम्रकार, ऋषभ गुप्ता, उज्जवल रवानी महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है।

जिले में 945.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 सितम्बर तक 945.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 31.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 967.3 मिली मीटर, पुसौर में 1023.5, खरसिया में 701.1, घरघोड़ा में 931.1, तमनार में 921.3, लैलूंगा में 940.2, मुकडेगा में 1026, धरमजयगढ़ में 1056.6, छाल में 836 एवं कापू में 1061.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है जशपुर : मिंज

मुख्यमंत्री ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट दुलदुला ने 2-1 छेरडांड़ को हराया

पत्थलगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ब्लॉक स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन धूमधाम से हुआ जहां मैच में शुरू से दबदबा बनाते हुए दुलदुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में शानदार 2 गोल मारते हुए प्रथम स्थान पर आकर अपनी जीत हासिल की । इस टूर्नामेंट का आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल था खिलाड़ी उत्सुकता से अपनी खेल को प्रदर्शित करने के लिये लालायित थे पंचायत स्तर पर टीम का गठित हुआ था । जिसमें कुल 30 टीम ने अपना प्रदर्शन किया था जिसमें फाइनल मुकाबले पर दुलदुला और छेरडांड़ की टीम पहुंची थी । जहां छेरडांड़ की टीम अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन दुलदुला की टीम ने अपना दबदबा बनाते हुए इस मैच को अपने नाम कर दिया । कुनकुरी विधायक यूडी मिंज ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले में फुटबॉल के बड़े आयोजन तो होते है लेकिन टीम की तरफसे अक्सर बाहर के खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करती है। जिसको लेकर हमने एक योजना बनाई और जिले भर के होनहार खिलाड़ियों को छाँट कर एक अच्छी टीम तैयार करने की योजना चल रही है ताकि भविष्य में यहां के युवाओं को एक बड़ा प्लेटफार्म खेल की दुनिया में मिल सके । आज हमारे क्षेत्र में फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है और अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में अभी के मौसम में गाँव गाँव मे फुटबॉल का आयोजन होता है वहीं विधायक यू. डी. मिंज ने पूरे आयोजन समिति को धन्यवाद दिया है इतनी बड़ी टूर्नामेंट में कोई विवाद तक नहीं हुआ ये बड़ी बात है । आने वाले समय में आपलोगों को हर सम्भव खेल में मदद किया जाएगा (दुलदुला में बनेगा 50 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम। छत्तीसगढ़ सरकार विकास कार्यो के लिए राशि की कमी नहीं होने दे रही है पिछले कई सालों से विकास कार्य ठप पड़ चुके थे आप लोगो की भुपेश बघेल सरकार जब से सत्ता में आई है कुनकुरी विधानसभा में चारो ओर विकास कार्य दिख रहा है जशपुर जिले में शिक्षा के साथ साथ खेल को बढ़ावा देते हुए दुलदुला में 50 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा और इसकी स्वीकृति आ गई है जल्द ही इसका भूमिपूजन भी किया जाएगा।

साक्षरता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी व सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जिले में 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में साक्षरता रैली निकालकर शिक्षा के महत्व को बताया गया।

न्यूज गैलरी

बीएनआई ने शिक्षकों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीएनआई कोलेबोरेटर्स के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बिलासपुर शहर को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने वाले शिक्षकों व महान विभूतियों का सम्मान किया गया। इसमें अटल यूनिवर्सिटी के हामिद अबुल्लाह, साइंस कॉलेज से यूके श्रीवास्तव, डीएलएस कॉलेज से डॉ. रंजना चतुर्वेदी, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, एचएम प्रयास पब्लिक स्कूल राजकिशोर नगर से शांति मानिकपुरी, स्वामी आत्मानंद लिंगियाडिह प्राचार्य डॉ. एमके मिश्रा, निहारिका तिवारी, एस माधवी, रूपा दूबे, सत्येन्द्र शर्मा, सस्मिता शर्मा, आरके तिवारी, वर्षा वर्मन, डॉ. एस. पावनी, डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. संतोष का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सचिन यादव, अभिजीत राय सहित अन्य मौजूद रहे।

ओडिसी नृत्य के माध्यम से बच्चों को सिखाई एकाग्रता

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय में स्पिक मैके के तत्वावधान में ओडिसी नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के प्राचार्य डॉ. जीए अश्विनी कुमार द्वारा स्पिक मैके के संबंध में जानकारी दी गई। स्पिक मैके के कोऑर्डिनेटर डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जीवन में एकाग्रता का कितना महत्व है। इसके बाद कोलकाता की ओडिसी की प्रख्यात नृत्यांगना श्रीराधा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण, मां काली से संबंधित चार प्रस्तुति दी गई। बच्चों के लिए कार्यशाला भी आयोजित की गई। 4 घंटे के कार्यक्रम में श्रीराधा के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षक महेश्वर रेयर व भारती साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

बेहतर नतीजों के लिए 90 शिक्षकों का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। द विजडम ट्री फाउंडेशन एवं निजी विद्यालय संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चारों विकासखंड से लगभग 90 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। नेशनल कॉन्वेंट स्कूल भारतीय नगर में हुए समारोह में नवाचार और बेहतर नतीजे देने वाले शिक्षकों का शाल, श्री फल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द विजडम ट्री फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. पलक जायसवाल ने शिक्षकों को राष्ट्र की भविष्य निर्माण की नींव बताया। अध्यक्षता कर रहे डॉ. गिरिराज गढ़वाल ने शिक्षक की निगरानी में छात्र-छात्राएं सजग व्यक्ति का चरित्र निर्माण अपने अंदर करता है। इस अवसर पर संघ के संभाग अध्यक्ष मोहन गुप्ता, प्रदेश प्रतिनिधि अहमद, जिला अध्यक्ष सुमित राय, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव बालकृष्ण दुबे, कोषाध्यक्ष एसके काजी, जिला प्रवक्ता इदरीश खान, जीतू ठाकुर, खेत्रू महानन सहित अन्य मौजूद रहे।

सामुदायिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। भरारी के सेमरी ग्राम में गुरुवार को सामुदायिक भवन को लोकार्पण विधायक रजनीश सिंह ने किया । भवन का निर्माण विधायक निधि से किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन नहीं रहने से यहां के लोगों को सामूहिक कार्यक्रमों को लेकर काफी परेशानी होती थी। लंबे समय से आप सभी की यह मांग थी, जिसे ध्यान में रखते हुए गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण सामुदायिक भवन का बेहतर तरीके से रख रखाव करे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री रामनिवास शर्मा, जनपद सदस्य दिलहरण साहू, सरपंच सूरज देवी, उपसरपंच जनक राम भारती, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष नीरज पाण्डेय, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हरबंश कस्तूरिया, शत्रुहन प्रभाकर, श्रवण धीवर, आकाश शर्मा, संजय त्रिपाठी, खगेश साहू, सूरज उपाध्याय, सुनील गंधर्व, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

11.50 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। जन्माष्टमी के मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष और बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने ग्राम मंगला पासीद व हाथकोडवा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधायक कौशिक ने कहा कि मंगला पासीद में 11.50 लाख के निर्माण का लोकार्पण किया। जिसमें यादव समाज के लिए 6.50 के सामुदायिक भवन, 3 लाख के सांस्कृतिक मंच, 2 लाख के ज्योति कलश कक्षा शामिल है। इस मौके पर इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, अशोक कौशिक, जितेन्द्र जोगी, लक्ष्मण यादव, राम नाथ यादव, गोविंद यादव समेत बड़ी संख्या लोग मोजूद रहे।

डेंगू से बचाव के लिए कॉलोनी में दवा का छिड़काव

बिलासपुर/नवप्रदेश। डेंगू से बचाव के लिए तरह-तरह के उपाए करने के सुझाव रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों को दिए जा रहे हैं। मौसम की वजह से मच्छरों का प्रकोप तेजी से ब रहा है। ऐसे में डेंगू का खतरा भी बना हुआ है। शहर में डेंगू के मरीज भी मिलने लगे हैं। इसलिए बचाव जरूरी है। रेल कर्मचारियों और उनके परिवार को मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में दवा का छि काव भी कराया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डिवीजन के सभी क्षेत्र में मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए बहुद्देशीय स्वास्थ्य शिविर के साथ ही साथ विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

यादव समाज ने जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जन्माष्टमी पर यादव समाज की ओर से बाजे-गाजे के साथ लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से लखीराम ऑडिटोरियम तक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कंस रूपी अत्याचारियों को समाज से नष्ट करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर शैलेंद्र यादव, अमित यादव, अनिल यादव, गौरीशंकर यादव, धनंजय , विजय यादव, लल्ला यादव, रंजीत यादव,सुनील यादव, पीआर यादव, अभिलेष यादव, शरद यादव, मीनाक्षी यादव आदि मौजूद थे।

राजीव प्लाजा के दुकानदारों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में तारबाहर थाने की पुलिस ने राजीव प्लाजा के दुकानदारों को चाकू दिखाकर डराते-धमकाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी समीर डिंडोर के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तारबाहर पुलिस ने आरोपी समीर के कब्जे से गवाहों के समक्ष बटन वाला चाकू जब्त किया है। इससे पहले भी समीर की शिकायत मिल रही थी। राजीव प्लाजा के दुकानदारों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

13 से 15 तक होगी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने 13 से 15 सितंबर तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों मेंविशेष ग्राम सभा आयोजित करने को लेकर आदेश दिया है। उन्होंने सरपंच, पंच और सचिव को गणपूर्ति कराने का दायित्व दिया है। विशेष ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष हितग्राहियों और छत्तीसग सामाजिक आर्थिक सवेक्षण 2023 के आवासहीन परिवारों की पात्रता व अपात्रता के परीक्षण को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की जा सकती है।

गारंटी कार्ड पर कार्यकर्ताओं को दी गई ट्रेनिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के कार्यालय में अरविंद केजरीवाल के गारंटी कार्ड को शहरों और गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोकसभा अध्यक्ष सुरेश दिवाकर व जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सर्कल प्रभारी और ग्राम सचिवों को केजरीवाल की गारंटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भारत जोड़ो यात्रा सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस नेताओं ने देवकीनंदन चौक से लेकर गांधी चौक तक पदयात्रा की और अंत में सम्मेलन हुआ। इसमें कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार की जमकर निंदा की और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पर पदयात्रा और सम्मेलन में ज्यादा कांग्रेसी नहीं जुटे। इसके दो प्रमुख कारण रहे। पहला तो ये कि पदयात्रा के प्रभारी नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया नहीं पहुंचे और दूसरा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी होने की वजह से कांग्रेसजन पूजा-पाठ व खरीदारी में व्यस्त रहे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी जिला मुख्यालयों में भारत जो ा पदयात्रा की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश था। सभी जिलों में कार्यक्रम के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। में नगरीय प्रशासन मंत्री डहरिया को कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया। मंत्री की मौजूदगी में पदयात्रा में शामिल होने को लेकर कांग्रेस नेताओं के साथ ही कार्यकर्ताओं में उत्साह था। गुरुवार को मंत्री को कार्यक्रम के पहले शहर पहुंचना था लेकिन वे नहीं आए। इसका पता चलने पर ही अधिकांश कार्यकर्ता पदयात्रा में नहीं आए। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मौका होने की वजह से भी अधिकांश कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा व सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। हालांकि शाम को देवकीनंदन चौक से पदयात्रा निकली और तब भी कई नेता नदारद थे।

कुछ तो गोलबाजार में पदयात्रा में शामिल हुए। कुछ नेता लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में आयोजित सर्व यादव समाज की सभा में शामिल होने चले गए थे। वहां से लौटकर वे पदयात्रा में शामिल हुए। हालांकि शहर व जिले के प्रमुख नेता कार्यक्रम स्थल पहुंचे पर पहले की तरह कार्यकर्ताओं की भी नजर नहीं आई। नेता बारी-बारी से अपने भाषण में अपने नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो पदयात्रा को याद करते हुए मोदी सरकार की निंदा करते रहे। पर चर्चा इस बात की भी रही कि नेता यहां की पदयात्रा में ज्यादा कार्यकर्ताओं को नहीं जो सके।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि देश तानाशाह के हाथों में हैं और इसे उखाड़ फेंकना जरूरी है। जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि राहुल गांधी ने जिन मूल्यों को लेकर पदयात्रा की, वह पूरी तरह सफल है। परिणाम दिख रहा है। संसदीय सचिव रश्मि सिंह ने कहा कि मोदी देश की संपत्ति बेच रहे हैं। वे इंडिया का भी विरोध कर रहे हैं। विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा ऐतिहासिक है। उन्होंने भाजपा के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली। मेयर रामशरण यादव ने कहा कि जनता को भरोसा दिलाने के लिए राहुल गांधी ने पदयात्रा की। इस दौरान बैजनाथ चंद्राकर, अशोक अग्रवाल,शेख नजीरुद्दीन, प्रमोद नायक,रविंद्र सिंह, अभय नारायण राय, नरेंद्र बोलर,इंग्रिड मैक्लाउड, सियाराम कौशिक, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, जगजीत सिंह मक्क , राजेश पांडेय, तैयब हुसैन, पिंकी बतरा, सीमा धृतेश,गणेश रजक, जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद थे।

हिंदी का बाहर हो रहा है विस्तार पर अपने घर में सिकुड़ रही है: गिरीश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य अतिथि व्यंग्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि हिंदी बाहर तो फैल रही है, पर अपने घर में सिकुड़ रही है। उन्होंने कहा कि संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि व्यावहारिक रूप से अंग्रेजी राजभाषा बन गई है और हिंदी अनुवाद की भाषा। विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संयोजक डॉ. शर्मा ने कहा कि न्यास का ध्येय वाक्य है मां, मातृभूमि एवं मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं। इसके अनुरूप पूरे देश में न्यास की गतिविधियां संचालित हैं।

संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शैलेंद्र कुमार ने पखवाड़ा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। हिंदी की एचओडी डॉ. गौरी त्रिपाठी ने राजभाषा पखवा ा के महत्व पर चर्चा की। कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा पखवा ा सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रहे। संचालन डॉ. मुरली मनोहर सिंह ने किया। राजभाषा पखवा ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रशासनिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने भाग लिया। सीयू के कर्मचारियों के लिए आशु भाषण प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं मातृभाषा था। 8 सितंबर को राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पंकज रहे।

युवती से दुष्कर्म, चमत्कारी बाबा गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। खुद को चमत्कारी बाबा बताकर एक बैगा ने युवती को अपने झांसे में लिया। इसके बाद उससे दो साल तक दुष्कर्म करता रहा। परिजन को जानकारी होने के बाद डराने धमकाने लगा। आखिरकार पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर बैगा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक दो साल पहले सीपत के पों ी के एक बैगा नंद कुमार रोहिदास को पीड़िता की ब ी बहन की तबीयत बिग ने पर बुलाया गया था। इसके बाद बैगा ने खुद को चमत्कारी बाबा होने का झांसा दिया। इसके बाद युवती से दुष्कर्म करने लगा। इसकी जानकारी परिजन को हुई तो उसने परिवार को भी डराया धमकाया। परिवार डरा हुआ था, इसलिए खामोश रह गया। दो साल तक यह सब चलता रहा। इसके बाद पीड़ित युवती ने थाने में रिपोर्ट लिखाई।

स्कूली बच्चों ने रैली निकाली, मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू में 5 सितंबर को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने गगनभेदी नारे लगाते हुए रैली निकालकर गांव का भ्रमण किया। राजस्व विभाग व शिक्षा विभाग के अफसरों के निर्देशानुसार संस्था के राजनीति और विज्ञान व्याख्याता अमित ठाकुर के मार्गदर्शन में जनसमुदाय को मतदान करने प्रेरित किया गया। संस्था में धूम्रपान, तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। शाला नायक कौशल डहरिया की अगुवाई में विद्यार्थियों ने लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान व बच्चा-बच्चा करे पुकार, वोट देना जरूर हर बार और वोटर लिस्ट में नाम लिखवाए, वोटर कार्ड जरूर बनवाए आदि नारों के साथ पालकों को आगामी विधानसभा निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रमुख शंकरलाल साहू, व्याख्याता मिथिलेश कुमार यदु, राजेश कुमार साहू, हरिशंकर लहरी, मोनिका श्रीवास्तव, अमृता चंद्रा, संतदेव सन्नाट, विरेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक राजेन्द्र कुमार सिंह, घनश्याम गायकवाड़, निर्मल जांगड़े सहित ब ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बिल्डर ने फ्लेट नहीं दिए तो करेंगे उग्र आंदोलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छग़ में भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की स्थापना के बाद भी उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही है। दूसरी ओर बिल्डरों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ छल करने की घटनाएं कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही है,उनके खून पसीने की कमाई को बिल्डर्स हड़प कर रहे है। ऐसे ही एक मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित हितग्राही बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे। पीड़ित वीर कुमार जैन,मनीष सोबित,सुयश दांडेकर, अमित कुमार अरोरा ने पत्रकारों को बताया कि राजकिशोर नगर में श्री सिद्धी विनायक अपार्टमेंट है,जहाँ श्री सिद्धी विनायक बिल्डकॉन, पार्टनरशिप फर्म के (1) संजय सुल्तानिया, पिता स्व. ओ.पी. सुल्तानिया, मीनाक्षी इन्टरप्राइजेस तिफरा ओम रानी कुटी,रोहणी विहार, बिलासपुर (छ.ग.) (2) रूचि अग्रवाल, पति स्व विजय अग्रवाल, पार्क के सामने, क्रांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा सन् 2017 में सिद्धीविनायक हाईट्स के नाम से 42 फ्लैट का निर्माण कार्य राजकिशोर नगर ओम गार्डन के पीछे प्रारंभ कराया गया। उपभोक्ताओं से लिखित एग्रीमेंट करके वादा किया गया कि 2 वर्ष में सभी सुविआओं के साथ उपभोक्ताओं को फ्लैट हेन्डओवर कर दिया जाएगा। जिसमें 2 लिफ्ट, गार्डन, मंदिर, बाउड्रीवाल, ट्रांसफार्मर आदि का उल्लेख प्रिन्टेड ब्राउसर में सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया। किन्तु वर्षो बाद आज तक न ही,उपभोक्ताओं को फ्लैट सौंपा गया और न ही साईट पर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 23 उपभोक्तओं को फ्लैट की रजिस्ट्री करने के बाद उनकी गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया बिल्डर्स ने हड़प लिया है। इसके अलावा अन्य उपभोक्ताओं से एडवांस में राशि लेकर फ्लैट कब सौंपेंगे पूछने पर कोई भी पार्टनर संतोषप्रद जवाब उपभोक्ताओं को नही दे रहे है। थक हारकर 10 उपभोक्ताओं ने वकील के माध्यम से (रेरा) में एक केश फाइल किया था जिस पर माननीय कोर्ट ने अपना आदेश 21 जून को सुनाया। कोर्ट ने दोनो पार्टनर को यह आदेश दिया कि 3 माह के भीतर सभी उपभोक्ताओं को फ्लैट दिए जाएं अथवा ब्याज सहित उपभोक्ताओं की राशि वापस की जाए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिद्धीविनायक अपार्टमेंट संघ समिति के सदस्यों का कहना है कि वे रेरा के आदेश से सन्तुष्ट नहीं है।उन्होंने फ्लैट खरीदने के लिए रुपए दिये थे न कि ब्याज सहित पैसे वापस लेने के लिए। अतः हमे शीघ्र से शीघ्र फ्लैट ही चाहिए। अगर बिल्डर्स द्वारा फ्लेट नहीं दिए जाते है तो संघर्ष समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री सिद्धी विनायक बिल्डकान रेरा में पंजीकृत नहीं है। बिल्डर्स पर रेरा द्वारा जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जा सकती है। उन्होंने जिला और राजस्व प्रशासन से इस मामले में ध्यान देने की अपील की है।पत्रकार वार्ता के दौरान अजय कुमार नाथ,मुकेश अरोरा,त्रिपेन दत्ता, रंजीत दास,अब्दुल रज्जाक,शेख बख्तावर सहित अन्य पीड़ित उपभोक्ता मौजूद रहे।

ड्राई डे पर बार में बिकी शराब, हैवंस पार्क की बेसमेंट से 151 बोतलें जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृष्ण जन्माष्टमी पर ड्राई डे में हैवंस पार्क होटल एवं बार के बेसमेंट में शराब बिक रही थी। आबकारी विभाग को खबर मिली तो छापा मारा। वहां बेसमेंट से टीम ने 127 बोतल स्प्रिट और 24 बोतल माल्ट समेत वाहन को जब्त कर लिया है। वहां आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को जन्माष्टमी पर शराब की बिक्री बंद थी। इसके बावजूद हैवंस पार्क होटल व बार की बेसमेंट में शराब बिकी रही थी। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित हैवंस पार्क बार सील होने से पहले ही शराब बाहर निकाली गई थी। इसे होटल के बेसमेंट में खड़ी टाटा मैजिक में छिपा कर दोगुनी कीमत पर बेच रहे थे। सूचना पर आबकारी की टीम मौके पर पहुंची। जांच में बेसमेंट में ख ी गा ी समेत शराब जब्त किया। अंग्रेजी शराब स्प्रिट की 95.25 लीटर 127 बोतल और सिंगल माल्ट 14.4 लीटर 24 बोतलें थी। गा ी मालिक कमल विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सूचना मिलते ही हैवंस पार्क होटल के संचालक आबकारी कार्यालय पहुंचे। काफी देर तक वे भीतर बैठे रहे। ड्राय-डे पर हैवंस पार्क के अलावा रात में शहर के अन्य बार में चोरी-छिपे शराब की बिक्री ध ल्ले से चलती रही। इस पूरे मामले में शराब की बड़ी खेप मिलने पर सवाल उठ रहे हैं कि बार सील होने के बाद इतनी मात्रा में शराब निकल गई।

हिर्री और तखतपुर क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। हिर्री के शिवा ग्राम मोहदा निवासी से 8.28 लीटर देशी व तखतपुर ग्राम बरीहा में लावारिस 27 लीटर महुआ शराब जब्त किया।

साइकिल यात्रा का उद्देश्य बच्चे व युवाओं में एकाग्रता को बढ़ाना: सेठ

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्पिक मैके से हर बच्चे और युवा को जो ने, उनकी एकाग्रता, धैर्य को बढ़ाने, स्वस्थ्य शरीर रखने, पर्यावरण से मानवीय रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने के लिए 75 वर्षीय पद्मश्री डॉ. किरण सेठ 15 अगस्त 2022 को श्रीनगर से साइकिल से भारत यात्रा पर निकले। वे गुरुवार को पहुंचे। आईआईटी-दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. सेठ ने 1977 में स्पिक मैके की स्थापना की। इनका स्वागत स्पिक मैके के संयोजक डॉ. अजय श्रीवास्तव ने किया। पद्मश्री डॉ. सेठ ने पत्रकारों से कहा कि आज बच्चे और युवाओं में धैर्य नहीं रह गया है। थोड़ी सी बात पर घबरा जा रहे हैं। वे आत्महत्या कर ले रहे हैं। पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। यह सब क्यों हो रहा है, इस पर विचार करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइकिल से भारत यात्रा का उद्देश्य देश में युवाओं के बीच जाकर सरल और सादगी से सेहत को ठीक रखना, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, स्पीक मैके के उद्देश्यों से नई पीढ़ी को जोड़ना है। साइकिल सभी को चलाना चाहिए। बस दिखावा न करें। प्रतिदिन इसका उपयोग करें, इससे मन शांत होगा, एकाग्रता और धैर्य बढ़ेगा। साइकिल यदि एकांत में चलाते हैं तो आप अपने आप पर काबू करने की शक्ति हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अब भी नहीं बदले तो पर्यावरण हमारा सब कुछ बदल देगा। बदलते जलवायु और मौसम का खामियाजा पूरी मानव सभ्यता को झेलना पड़ेगा। मानव और पर्यावरण के बीच रिश्ता प्रगाढ़ होगा, तभी हम आने वाले कल को बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के उच्च विचार और सादगी को भुलाई नहीं जा सकती है। इसे लोगों को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक पार्टियां चिरौंजी की जगह आइसक्रीम की तरफ जा रहे हैं।

पद्मश्री डॉ. सेठ कहा कि आज के समय हम सभी विचलित हैं। ऊपर से सब कुछ स्मार्ट बना दिया जा रहा है, जैसे स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट, स्मार्ट हॉस्पिटल, पर अंदर सब खोखला है। हमें अपने आप को पहले स्मार्ट बनाना होगा। माउंट एवरेस्ट तो कई लोग फतह कर रहे हैं, पर आज हमें अपने मन के अंदर के माउंट एवरेस्ट को फतह करना बड़ी चुनौती है। ये सब स्पिक मैके से जु कर कार्य करने से संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज शास्त्रीय संगीत व नृत्य में भी दिखावा हो रहा है। डॉ. सेठ ने कहा कि आज के समय में लंबी रेस का घोड़ा मिलना मुश्किल है। डॉ. अजय श्रीवास्तव लंबे समय से जुड़े हैं। ऐसे ही लीडर्स की जरूरत स्पिक मैके को है। जो भी लोग स्पिक मैके से जुड़कर काम करना चाह रहे हैं, उनके लिए 10 सितंबर को शाम 4 बजे न्यू सर्किट हाउस में बैठक रखी गई है। इसमें सभी लोगों से शामिल होने अपील की। संयोजक डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2030 तक सभी लोगों तक स्पिक मैके को पहुंचना है।

33/11केवी विद्युत उपकेंद्र और हाईस्कूल भवन का संसदीय सचिव मिंज ने किया भूमिपूजन

■ ग्रामीण क्षेत्र में सड़क बिजली पानी शिक्षा जैसे समस्या अब दूर हो रही है- यू.डी. मिंज

पत्थलगांव/नवप्रदेश। कुनकुरी विधानसभा में लगातार विकास की बाढ़ बह रही है एक के बाद एक बड़ी योजनाओं का भूमिपूजन कर रहे हैं। दुलडुला क्षेत्र में विकास को लेकर कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र के काईकछार में 33/11केवी विद्युत उपकेंद्र के भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को एक बड़ी सौगात दी है इस विद्युत उपकेंद्र से लगभग 25 गाँव की विद्युत व्यवस्था में सुधार आएगी क्षेत्र पिछड़ा होने के कारण यहां बिजली की समस्या फी ज्यादा रहती थी लेकिन अब सब स्टेशन बन जाने के कारण आम जनताओं को इस समस्या से निजात मिलेगा।

बरपानी में स्कूल भवन का हुआ भूमिपूजन : ग्रामीणों की बहुप्रक्षित मांग को लेकर विधायक यूडी मिंज ने पहल करते हुए हाईस्कूल का भी भूमिपूजन किया है.जिससे क्षेत्र कि जनता में खुशी का माहौल है । दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के बच्चों को शिक्षा के लिए दूर दूर तक पढ़ाई के लिए जाना पड़ता था लेकिन अब भवन बनने के बाद छात्रों को गांव में ही अच्छी शिक्षा मिलना प्रारंभ हो जायेगा। लोगों ने दोनो बड़ी योजनाओं का भूमिपूजन करने के बाद खुशी जाहिर किया है और विधायक यू.डी. मिंज का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा की ऐसे विधायक विरले ही मिलते हैं आपने हमारी सारी समस्या को देखते हुए पूरा किया है हम सभी ग्रामवासी आपका धन्यवाद करते हैं विधायक यूडी मिंज ने कहा की हमने लगातार पूरे विधानसभा में सड़क बिजली पानी और शिक्षा की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए पहल किया है और काफी जगह पर पुरानी मांगे पूरी हो रही है हमने हर संभव ग्रामीण क्षेत्र को बिजली सड़क शिक्षा पानी जैसे समस्या से निजात दिलाने का काम कर रहे हैं और जबतक समस्या जड़ से समाप्त नहीं हो जाती है तब तक करते रहेंगे।

कूटरचना एवं धोखाधड़ी, 3 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना चिल्फी द्वारा कूटरचना एवं धोखाधड़ी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 अगस्त 2023 प्रार्थी गौकरण सिंह चतुर्वेदी, प्रभारी शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा डिंडौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक में खाताधारक कृषक रामसिंह, जिसका क्रमांक खाता 106006973415 है, का पासबुक लेकर राशि आहरण हेतु दो व्यक्ति बसंत गोंड़ एवं बिहारी गंधर्व आए थे। जिसमें से बसंत सिंह गोंड़ नामक व्यक्ति ने विड्राल फार्म एवं पासबुक पेश किया जिसे देखकर शंका होने पर खाता क्रमांक, नाम, पता पूछते हुए आधार कार्ड मांग कर चेक किया गया तथा फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान बैंक रिकार्ड से किया गया, जो मिलान नहीं होने पर आरोपियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर तथा धोखाधड़ी का प्रयास करने की रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि ग्राम अचानकमार निवासी कृषक रामसिंह साकत से परिचय की आड़ में खुड़िया निवासी दिलीप चेचाम नामक व्यक्ति ने को-ऑपरेटिव बैंक में खाता खोलवाने के लिए रामसिंह का आधार कार्ड, वन अधिकार पुस्तिका प्राप्त करते हुए शाखा लोरमी में खाता खोलवाकर किसानों के बोनस राशि, किसान सम्मान राशि व अन्य लाभ प्राप्त करते हुए फर्जी हस्ताक्षर तथा कूटरचना कर बसंत सिंह तथा बिहारी गोड़ को राशि आहरण हेतु बैंक भेजा था किंतु शाखा प्रबंधक की सतर्कता से आरोपीगणों द्वारा पैसों का आहरण नहीं किया जा सका। प्रकरण के तीनों आरोपियों दिलीप चेचाम, बिहारी गंधर्व एवं बसंत गोड़ को चिल्फी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील बंछोर, प्रधान आरक्षक केकम सिंह आहिरे, आरक्षक देवीचंद नवरंग, महिला आरक्षक संगीता बर्मन की भूमिका रही।

जीपीएफ ऋणात्मक शेष के निपटारा के लिए शिविर का आयोजन

कोरबा /नवप्रदेश। कोरबा जिला के अंतर्गत विभिन्न शासकीय कर्मचारियों के जीपीएफ में प्रदर्शित होने वाले ऋणात्मक शेष के निराकरण हेतु महालेखाकार रायपुर से 13 ,14 ,15 सितंबर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय कोरबा में किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पी आर महादेवा ने बताया कि जिन कर्मचारियों का ऋणात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है, उनके पासबुक एवं अन्य संबंधित दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को सूचित किया गया है। विशेषकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड शिक्षा आधिकारी करतला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा के ज्यादा प्रकरण है। समस्त डीडीओ को सूचित करने के साथ-साथ यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभिदाता को भी शिविर में अनिवार्यता उपस्थित करने हेतु सूचित करें।

आयोग के समझाइश पर टूटने से बचा परिवार

■ माता-पिता प्रकरण दर्ज कराने से पहले बच्चों के भविष्य के बारे में सोचे

■ आयोग में झूठी शिकायत दर्ज न कराएं: नायक

कोरबा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय ने जिला कलेक्टर कोरबा सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 223 वीं एवं कोरबा जिला की 6वीं सुनवाई हुई। कोरबा जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 25 प्रकरण सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में 09 साल से अलग रह रहे पति पत्नी का आपस में रिश्ता जुड़ा। आयोग के समझाईश के बाद पति-पत्नी अपने तीनों बच्चों के साथ रहने को तैयार हो गये। आयोग द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को 1 साल तक निगरानी का आदेश देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका आरक्षक है जिसने दो आरक्षकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और सुनवाई में आवेदिका सूचना मिलने पर भी अनुपस्थित रही। अनावेदक गणों द्वारा एफआईआर दर्ज होने के संबंधित दस्तावेज पेश करने पर आयोग में प्रकरण चलाना संभव नहीं है इस वजह से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने पति देवर और ससुराल वालो के खिलाफ न्यायालय में 379 377, 498 दहेज प्रताड़ना एवं 125 भरण पोषण का मामला न्यायालय में दर्ज कराई है। दोनों पक्षों में सुलहनामा की कोई गुंजाइश नहीं है। आवेदिका को भरण पोषण मिल रहा है। मामला न्यायालय में चलने की वजह से आयोग में सुनवाई असंभव है। इस वजह से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

अन्य प्रकरण में अनावेदक द्वारा फोन पर आवेदिका को धमकी देने की शिकायत आयोग में दर्ज कराया गया जिसमें अनावेदक आज सुनवाई में अनुपस्थित था। आयोग ने शीघ्र सुनवाई हेतु प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया। भिलाई सेक्टर 6 के थाना प्रभारी को आयोग द्वारा आदेश दिया गया की अनावेदक को अगली सुनवाई में एस.आई. के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा घरेलू हिंसा का प्रकरण न्यायालय में चलने के बावजूद आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अनुपपुर पुलिस के माध्यम से अनावेदकगणों का उपस्थिति सुनिश्चित कराया गया। आवेदिका अनुपस्थित रही प्रकरण न्यायालय में चलने के वजह से आयोग ने नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदकगण उपस्थित रहें आवेदिका द्वारा भोपाल मध्यप्रदेश के महिला थाना में 498 दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करायी है और आज की सुनवाई में अनुपस्थित रही। मामले में एफआई.आर दर्ज होने से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदक 1 और 2 उपस्थित अनावेदकगणों द्वारा बताया गया कि आवेदिका से सुलहनामा हो गया है लेकिन आवेदिका की अनुपस्थिति की वजह से प्रकरण समाप्त नहीं किया गया, आयोग ने समझाइश दिया कि आवेदिका अपने हाथ से लिख कर जब आयोग में सुलहनामा आवेदन प्रस्तुत करेगी तब प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित थी, अनावेदकगण द्वारा बताया गया कि न्यायालय में 107/16 का प्रकरण चलाया गया, जो समाप्त हो चुका है। जिसमें प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर आयोग प्रकरण नस्तीबद्ध करेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित थी अनावेदक अनुपस्थित था। आवेदिका ने बताया कि उसका पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है और वह भरण पोषण का पैसा नहीं देता है। जिसको आयोग ने एस.आई. के माध्यम से आगामी सुनवाई हेतु रायपुर में उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया।

3 छात्राओं को दी गई 15-15 हजार की प्रोत्साहन राशि

मुंगेली/नवप्रदेश। विभिन्न शासकीय स्कूलों से शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 03 छात्राओं को 15-15 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इनमें कु. मिनाक्षी साहू, कु. लक्ष्मी रात्रे और कु. दिव्या साहू का नाम शामिल है। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट में तीनों छात्राओं को निजी कम्पनी की ओर से छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। निजी कम्पनी क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड और क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउण्डेशन के अधिकारी ने बताया कि कम्पनी द्वारा कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिट के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले छात्राओं को यह राशि छात्रवृत्ति के रूप में आगे की शिक्षा के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारत भूषण शर्मा, मगेश मिश्राम, प्रसन्ना माथी, महेन्द्र उपाध्याय और छात्राओं के परिजन उपस्थित थे।

राजनीतिक दलों ने किया स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का अवलोकन

कोरबा /नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर , 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23 पाली तानाखार के लिए ई. व्ही. एम. मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रॉग रूम, मतगणना रूम, तथा मतदान दल को सामग्री वितरण स्थल, मतदान दल से चुनाव उपरांत सामान की वापसी, तथा निर्वाचन पश्चात् पुनः ई व्ही एम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने हेतु चयनित आईटी कॉलेज झगरहा के ब्लॉक बी एवं ब्लॉक सी को आरक्षित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सीमा पात्रे द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु चिन्हांकित आईटी कॉलेज का निरीक्षण कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रारंभिक तैयारी एवं चिन्हांकित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण और निर्धारित बिंदुओं को अवगत कराते हुये स्थल का परीक्षण कराया गया। उन्हें आई.टी. कॉलेज झगरहा के ब्लॉक सी का विधानसभावार 04 स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन, ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग उपरांत विधानसभावार पृथक स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का संग्रहण स्थल से अवगत कराया गया। उन्हें ब्लॉक बी में मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा मतदान उपरांत सामग्री की वापसी स्थल का अवलोकन कराया गया। जिसमें विधानसभावार सामग्री वितरण हेतु पृथक-पृथक काउंटर रखे जाने की जानकारी देते हुए स्थल का अवलोकन कराया गया तथा मतदान उपरांत सामग्री उसी काउंटर से वापस जमा कराए जाने की जानकारी दी गई। मतदान उपरांत प्राप्त ईव्हीएम मशीनों को विधान सभावार पृथक-पृथक निर्मित स्ट्रांग रूम में मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु चयनित स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु विधानसभावार चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन कराया गया। अवलोकन के दौरान मतगणना अधिकारी कर्मचारी, तथा मतगणना हेतु नियुक्त एजेंटों के आने जाने का रास्ता का अवलोकन कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम खोखरा का निरीक्षण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने देव सेवा समिति वृद्धाश्रम खोखरा का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से मुलाकात की तथा आश्रम की व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था में व्यायाम, योग जैसी गतिविधियां करना बहुत आवश्यक है। इससे वृद्धावस्था में शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने वृद्धजनों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202304160100007
अ-21/2022-23
ग्राम- कतियाररास

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका (1) श्रीमती ताराबती नाग पति सुकलू उम्र 63 वर्ष (2) राजू पिता सुकलू उम्र 50 वर्ष दोनों का जाति तेलंगा निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास प.ह.नं. 14 में स्थित शासन से व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नं. 100 रकबा 0.3400 हे. में से रकबा 0.17 हे. को क्रेता कु. वर्षा कर्मा पिता स्व. महेन्द्र कर्मा उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम फरसपाल तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करती चाहती है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 28.8.2023 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202308160100001
अ-21/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मिंसीबाई पति एम. कल्याण उम्र 73 वर्ष जाति मेहत्तर दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम चितालंगा, प.ह.नं. 15 में स्थित खाते के परिवर्तित भूमि खसरा नं. 334/2 रकबा 0.0020 हे. व 335/2 रकबा 0.002 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.0040 हे . को क्रेता अंशुमान मिश्रा पित अम्बिका मिश्रा उम्र 32 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम चितालंका तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है। इस संबंधमें जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/9/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 31/8/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20230416100006/
अ-21/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका (1) श्रीमती ताराबती नाग पति सुकलू उम्र 63 वर्ष (2) राजू पिता सुकलू उम्र 50 वर्ष दोनों का जाति तेलंगा निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास प.ह.नं. 14 में स्थित शासन के व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नं. 100 रकबा 0.3400 हे. में से रकबा 0.17 हे. को क्रेता सुश्री सुलोचना कर्मा पिता स्व. महेन्द्र कर्मा उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी आंवराभाटा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 29/8/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार दंतेवाड़ा**

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हमें चुनाव आयोग से ...

आयोग की ओर से मिली मियाद खत्म होने से पहले ही शरद पवार ने मेल के जरिए 8 सितंबर को जवाब दाखिल कर दिया। इसमें उन्होंने अजित के दावों का खंडन किया है।

राजद्रोह कानून पर...

सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में एक आदेश दिया है कि जब तक आईपीसी की धारा 124 ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं।

322 करोड़ की लागत से ...

भूतपूर्व विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज के 60 वर्ष पूरे करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस मेडिकल कॉलेज और चिकित्सालय की प्रतिष्ठा बढ़े, इसके लिए हम सबको मिल कर काम करना है। पिछले पांच वर्षों में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा और गुणवत्ता दोनों बढ़ी है। सरकारी अस्पतालों पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। दूरस्थ अंचलों के लोगों तक भी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंची हैं। शासकीय अस्पतालों के माध्यम से लोगों को निःशुल्क उपचार, जांच और दवाई मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य मशीनरी हर संकट से निपटने के लिए तैयार है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय हमारे डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टॉफ ने बेहतर काम कर इसे साबित भी किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में मलेरिया और डायरिया फैलना अब बीते दिनों की बात हो गई है। हमारे मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

ऐसा होगा नया एकीकृत ...

पंचम तल तक 7274 वर्ग मीटर, षष्ठम तल मय आट्रियम रूफस्ट्रक्चर 8728 वर्ग मीटर, सातवां तल 640.57 वर्ग मीटर का होगा। नींव को इस रूप में तैयार किया गया है कि भविष्य में सातवें फ्लोर और आठवें फ्लोर को जरूरत के हिसाब से विकसित किया जा सकता है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक. 31

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3530/निविदा/ग्रायांसेवा/2023-24, रायगढ़, दिनांक 05.09.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 13.09.2023 (सायं 05.30 बजे तक)
2. पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि :- 19.09.2023 (सायं 05.30 बजे तक)

ई-निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
146839	जोनल निविदा विकासखण्ड तमनार के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
146840	जोनल निविदा विकासखण्ड घरघोड़ा के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
146841	जोनल निविदा विकासखंड लैलूंगा के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)	40.00

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06.09.2023 को सायं 5.31 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-05090/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही मुख्यालय पेण्ड्रा, जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

-: जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 07 / 2023-24 (प्रथम आमंत्रण) :-

ज्ञापन क्र. 921/ व.ले.लि./ग्रा.या.से./2023-24 पेण्ड्रा दिनांक 05/09/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) D एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्यो हेतु मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग विद्युत कार्यो हेतु जारी एस.ओ.आर. दर 01.06.2020 जो प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा दिनांक 09.09.2020 से लागू दर अनुसूची के आधार पर आफलाईन (offline) निविदा प्रतिशत दर पर निविदा पोस्ट आफिस के माध्यम से पंजीकृत / स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि- 22.09.2021 को अपरान्ह 5.30 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1	2	3
1	जोनल निविदा वि.ख. गौरेला के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अंतर्गत	15.00
2	जोनल निविदा वि.ख. पेण्ड्रा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अंतर्गत	10.00
3	जोनल निविदा वि.ख. मरवाही के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युतीकरण कार्य प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अंतर्गत	15.00

1. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट - 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in / res works>Live Tender>Manual Tender में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. निविदा फार्म 2.13 एवं 2.10 का प्रिंट उक्त वेबसाईट से प्राप्त कर निर्धारित स्थान पर दर भरते हुए सील बंद लिफाफा प्रेषित करना होगा। निविध की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही पक्ष में 15 माह का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमांड ड्राफ्ट जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही के पक्ष में देय होगा ।

जी-05057/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही
मुख्यालय पेण्ड्रा
जिला-गौरेला, पेण्ड्रा, मरवाही (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

एसपी पटेल कोयलीबेड़ा के अतिसंवेदनशील क्षेत्र का किया भ्रमण

- **क्षेत्र के ग्रामीणों स्कूली छात्र-छात्राओं मुलाकात कर जाना हालचाल**
- **लगातार बारिश से इस दुर्गम क्षेत्र के क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया का एसपी ने खड़े होकर कराया मरम्मत**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल कोयलीबेड़ा जैसे अतिसवेदनशील क्षेत्रों में सरकार के विभिन्न निर्माण कार्यों सहित क्षेत्र के आम नागरिक स्कूली छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर लोगो का हालचाल जाना।

जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र में एसपी दिव्यांग पटेल ने मोटर सायकल से नक्सल प्रभावित इलाकों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।भ्रमण के दौरान थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत 30वीं वाहिनी बीएसएफ कैम्प चिलपरस का निरीक्षण किये। लगातार बारिश से इस दुर्गम क्षेत्र के क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया का निरीक्षण कर तत्काल स्वंय उपस्थित रहकर मरम्मत कराये एवं क्षेत्र के आम नागरिको, स्कूली छात्र-छात्राओं से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। थाना/कैम्प कोयलीबेड़ा,थाना सिकसोड़,थाना अंतागढ़,थाना आमाबेड़ा का निरीक्षण कर थाना/बीएसएफकैम्प में तैनात डीआरजी,बस्तर फाईटर्स, पुलिस/बीएसएफ के अधिकारी/कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना साथ ही उनकी समस्या सुनकर समस्या का तत्काल निराकरण किये। पुलिस/बीएसएफ के अधिकारी/कर्मचारियों को नक्सलियों के विरुद्ध संचालित अभियान एवं क्षेत्र में चल रहे विकास के कार्य की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर अच्छा कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान श्री रमेश राम सेनानी 30वीं वाहिनी बीएसएफश्री खोमन सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ एवं बीएसएफ/जिला बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। एसपी दिव्यांग पटेल शनिवार को कोयलीबेड़ा के थाना/कैम्प में तैनात डीआरजी बस्तर फाईटर्स बीएसएफ के जवानों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान कर बेहतर नक्सल ऑपरेशन के लिए जवानों को प्रोत्साहित करते हुए ग्रामीणों से बेहतर तालमेल रखने की बात कही गई।

मांझापारा स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी एवं साक्षरता दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या हाई स्कूल प्रेक्टीसिंग मांझापारा कांकेर मे जन्माष्टमी एवं विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बच्चों न बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर राधा एवं कृष्ण फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया जिसमे जीया, चंचला, अलवीना बानो, चंचल, वैशाली, माहिरा, तृषा, जागृति, आदिति, पियुष पटेल, आंगनबाड़ी से हृदय यादव, लक्ष्य एवं जीया, सोनल, रिया राधा एवं कृष्णा ,बनकर भाग लिया तथा अपने फैसी डेऊस प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत मतदाओं को नाम जुड़वाने का संदेश दिया। इस अवसर पर मटका फोड़ का आयोजन भी किया गया जिसमे लगभग 40 छात्रों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम के अवसर पर भी ''नाम जुड़वाया क्या'' के पोस्टर से मातदाओं को जागरूक किया। मटका फोड़ मे प्रथम यशस्वी, द्वितीय आरिफ एवं अर्श तृतीय स्थान प्राप्त करते हुये मटके फोड़े।

साइकिल यात्रा पर निकले अभिषेक का यादव समाज ने किया स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। अहिर रेजिमेंट कि मांग को लेकर साईकिल यात्रा पर उत्तर प्रदेश के मैनपुर जिला से निकलकर भारत के अलग अलग प्रदेश, राज्य और ज़िलों में पहुंच कर यादव समाज के लोगों के बीच पहुंच कर भारत देश कि सेना में अहिर रेजिमेंट का गठन कि मांग को लेकर अभिषेक यादव पिछ्ले 2-3 महिनो से लगातार 5000 किलोमीटर का सफर कर जगदलपुर से कोण्डागांव होते हुए कांकेर पहुंचे जहां ज्ञानी चौक कांकेर में यादव समाज कांकेर व्दारा आतिशबाजी व फूलमालाओं से स्वागत किया गया। अभिषेक यादव ने बताया कि हमारे यादव समाज के वीरों ने किस तरह से रेजांगला में अपना शौर्य दिखाया और 120 जवानों ने 1400 चीनी सैनिकों को रोक दिया ऐसे वीरों कि गाथाओं से भरी है हमारी यादव समाज हम भारत माता कि सेवा के लिए सेना में अहिर रेजिमेंट कि मांग कर रहे जो हक है हमारा बाते कही गई।इस दौरान स्वागत में समाज के अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव, जिला सचिव राजु यादव,शहर अध्यक्ष धनेश यादव,उत्तम यादव, किशन यादव, योगेश यादव, प्रशांत यादव, हेमंत यादव, टीकम यादव, रवि यादव, महेश यादव शत्रुघन यादव, देवास यादव नरेन्द्र यादव, तीजु यादव, प्रदीप यादव व अन्य समाज के लोग शामिल थे।

चारामा अंचल में मिल रहा मिलावटी महुआ शराब

- **लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल असर**
- **अफसर बने मूकदर्शक**

कांकेर/ चारामा/नवप्रदेश। अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज विशेष को उनकी संस्कृति में प्रचलित रीति रिवाजो को संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा दी गई महुआ शराब बनाने की छूट का कुछ लोग गलत तरीके से इस्तेमाल करने लगे हैं। बताया जाता है कि यूं तो ईस छेत्र में महुआ शराब का प्रचलन का बहुत पुबीबीराना इतिहास रहा है जो कि समाज विशेष के दुःख सुख के कार्यक्रमों में इस्तेमाल किया जाता रहा है। जिसे ध्यान में रखकर सरकार के द्वारा उस वर्ग को पांच लीटर तक बनाकर स्वयं के उपयोग की छूट दी गई है। परन्तु कुछ लोग इसका स्वयं उपयोग कम उपयोग करते पाए जाते है। जबकी उसका अनुचित निर्माण प्रक्रिया कर बिक्री करते देखे जाते है मिली जानकारी अनुसार चारामा से लगे ग्राम दरगाहन सिरसीदा, चारभाठा गिरहोला में इसका अवैध कारोबार बेधड़क जारी है।

लोगों के स्वास्थ से खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसमें महुआ को सड़ाने के बाद प्रक्रिया से वासी पल जल में तम्बाकू, यूरिया नीला थोथा, वा कुछ नसीली टैबलेट जानें क्या क्या चीजों को मिलाकर जहरीला कर देते है।जिसे सरकारी शराब से सस्ता वा आसानी से यह शराब मिल जाने से निम्न मजदूर वर्ग इसकी तरफ ज्यादा आकर्षित होते है। वहीं इसका बे हिसाब इस्तेमाल करने से उनको अपनी जान से हाथ धोना पढ़ता है क्योंकि पिछले दिनों प्रदेश के कुछ जिलों में जहरीली महुआ दारू से लोगों की जानें चली गई है। जिससे उनका परिवार तबाह हो जाता है।तो कुछ लोग दुघर्टना से अपने अंगों को खो देते है। किन्तु ईस प्रकार के अवैध कारोबार को रोकने में संबंधित प्रशासनिक अमला क्यों मुक दर्शक बना हुआ है। क्या वे किसी गंभीर हादसा का इंतजार तो नही कर रहा है। कारण जो भी हो समय रहते ईस पर ध्यान नहीं दिया जाता है।तो मानव समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। कई वाहन दुर्घटनाएं भी इसका प्रमुख कारण है।

दही हांडी प्रतियोगिता में महिला टीम ने 25 फीट ऊंची मटकी फोड़ी

पुराना मार्केट राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में मटकी फोड़ कर जीता पुरस्कार

बचेली/नवप्रदेश। शुक्रवार 8 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर लौह नगरी बचेली के पुराना मार्केट में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ हांडी फोड़ कार्यक्रम इस दौरान हजारों की संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

बूम ग्रुप पाड़ापुर के युवाओं ने फोड़ी मटकी

पहली बार लौह नगरी बचेली में दही-हांडी प्रतियोगिता में महिला टीम ने भी 25 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया इस प्रतियोगिता को आयोजित करने वाली राधा कृष्ण पूजा समिति पुराना मार्केट बचेली द्वारा बूम ग्रुप के युवाओं को 10000 का दिया गया नगद पुरस्कार वही भारत का हर बच्चा बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा दीवाना मैं दीवाना श्री राम का मैं दीवाना समेत कई भक्तिमय गानों की धुन पर थिरकते हुए युवाओं ने मटकी को फोड़ा वहीं दूसरे ग्रुप के युवाओं ने मटकी फोड़ को रोकने के लिए पानी की बौछार की लेकिन बूम ग्रुप के युवाओं ने हौंसला और तकनीकि से पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी और विजेता बने राधा कृष्ण पूजा समिति पुराना मार्केट बचेली के सदस्यों ने बताया कि पिछ्ले 3 वर्षो राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में मटकी फोड़ की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। जिसमें नगर वासी भी बड़ी संख्या में शामिल होकर कृष्ण जन्मष्टमी एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम की आनंद लेते हुए कार्यक्रम की उत्साह बढ़ाते है।

आपातकालीन टीम का प्रदर्शन, अग्निशमन टीम से छात्राओं ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

कांकेर/नवप्रदेश। अग्निशमन आपातकालीन टीम कांकेर ने शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित छात्राओं को आपदा के प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया।अग्निशमन प्रभारी शत्रुघ्न सिन्हा फायरमैन विनोद कुमार रावते, फायर सैनिक नरेश कुमार, मिथिलेश जैन ने आग के विभिन्न प्रकार एवं इसके बचाव के तरीके का प्रदर्शन कर छात्रों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाएं विशेष कर घरेलू सिलेंडर में लगने वाले आग से कैसे बचाव किया जाए इसका प्रदर्शन टीम ने किया साथ ही राहत टीम के द्वारा आग लगने से किस प्रकार बचाव किया जाता है इसका प्रदर्शन छात्राओं ने देखा एवं समझा। प्रायोगिक तौर पर छात्राओं ने इस प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया इस प्रशिक्षण में पूर्व माध्यमिक वर्ग, हाई स्कूल वर्ग एवं हायर सेकेंडरी वर्ग के समस्त छात्राओं सहित समस्त स्टाफमौजूद रहे।।

वनांचल के पांच बच्चे एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित

- **घाटी के नीचे वनांचल के बच्चों का चयन पहली बार हुआ**
- **ग्रामीणों ने जिला प्रशासन डीईओ बीईओ**
- **स्कूल स्टॉफ का माना आभार**

कांकेर/नवप्रदेश। जनपद प्राथमिक शाला सालेभाट संकुल सालेभाट विकास खंड केशकाल जिला कोण्डागांव घाटी के नीचे के वनांचल ग्राम सालेभाठ से जनपद प्राथमिक शाला सालेभाठ के 5 बच्चों का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित हुए है। ऐसा इस स्कूल से पहली बार हुआ है।

चयनित बच्चो में कु.नेहा कोड़ोपी पिता तुलसी राम कोड़ोपी,कु.शशीका वट्टी पिता परनूराम वट्टी कु.बबली पद्दा पिता सखाराम पद्दा कु.गायत्री पद्दा पिता कंवलसिंह पद् दा एवं हितेश पद्दा पिता दिनेश पद्दा शामिल हैं। चयनित बच्चो की पढ़ाई को लेकर सहायक शिक्षक एल.बी.श्रीमती उर्मिला मरकाम के अथक प्रयासों से वनांचल के पांच बच्चे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हुआ है।

बच्चो के चयन को लेकर बच्चों एवं पालकों में काफी उत्साह व खुशी का माहौल है।

शाला विकास प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सापार सिंह नेताम एवं तुलेश नेताम अंकालू राम मरकाम प?धान अध्यापक आत्माराम कावडे, देवानसिंह कुंजाम का कहना है कि इन बच्चों ने हमारे गाँव को गौरवान्वित किये हैं। ये बच्चे प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हम उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है। बच्चो के चयन से ग्रामवासियों ने शासन प्रशासन जिला शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी संकुल समन्वय एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिका का आभार व्यक्त किया गया है।

दो निर्दोषों को नक्सली मुठभेड़ बताकर पुलिस ने मारा : कुंजाम

- **बचे वक्त का सही उपयोग कर घटना की निष्पक्ष जांच कराएं**
- **सरकार ने एक भी वादा आज तक पूरा नहीं किया**

सुकमा/नवप्रदेश । बीते दिनों पहले हुए सुकमा जिला के ताड़मेटला मुठभेड़ को सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने फर्जी मुठभेड़ कर ग्रामीणों की हत्या का आरोप लगाया था। जिसके बाद मनीष कुंजाम ने एक वीडियो के साथ प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया हैं। कुंजाम का आरोप है कि ताड़मेटला मुठभेड़ में जिन दो युवक सोड़ी कोसा एवं रवा देवा को कथित मुठभेड़ में पुलिस द्वारा नक्सली मुठभेड़ बताकर मारा गया। जिसका सुकमा पुलिस ने द्वारा खुद ही 8 सितम्बर को दोनों की शव को गांव ले जाकर दहन करते हुए का वीडियो जारी हुआ है। जिसमें पुलिस जबरन लाशों को जलाते हुए दिख रही है,और ग्रामीण इसका विरोध कर रहे है। जबकि इसके पूर्व में भी कई बार ऐसे वारदाते हुई हैं, जिसमें हमेशा यह देखा गया है कि ऐसे मारे गये लागों की लाशों को पुलिस उनके परिजन या तो उनके गांव के लोगों को सौंप देती है। पर यहां बिल्कुल उल्टा हुआ है। मनीष कुंजाम ने कहा कि मैंने इस मुठभेड़ को फर्जी बताने इसके पीछे के कारणों का उल्लेख किया था। पुलिस प्रशासन जितना इस घटना को दबाने की कोशिश करेगा उससे ज्यादा शंका व आरोपों के घेरे में रहेगी। और पुलिस के इस घटनाक्रम से ये साफ स्पष्ट हो रहा है की पुलिस अपने नाकामियों को छुपाने की कोशिश कर रहा है।

वहीं मनीष कुंजाम ने कवासी लखमा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यहां से विधायक कवासी लखमा सरकार में जिम्मेदार मंत्री पद पर है,इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए जाँच की घोषणा करना चाहिए। मनीष कुंजाम ने पिछली चुनावी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि लखमा और कांग्रेस सरकार ने पिछले चुनाव से पहले उन्होंने यहां की जनता से वादे किया था की किसी भी आदिवासी को पकड़कर न मारेंगे और न ही जेल में डालेंगे। बल्कि जेलों में बंद निर्दोषों को रिहा कराने का वादा किया था। जिसमें में एक भी वादा आज तक पूरा नहीं किया गया। अब जब उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा है,ऐसे में बचे वक्त का सही उपयोग करते हुए इस घटना की निष्पक्ष जांच करायें। साथ ही सिलगेर गोलीकांड मामले पर सरकार को घेरते हुए कहां की सिलगेर गोलीकांड में 4 व्यक्ति मारे गये थे,उसकी मजिस्ट्रेयल जाँच की गई और अब तक उस जाँच को सार्वजनिक नहीं किया गया है। ऐसे में ताड़मेटला में घटना में मारे गए दो निर्दोष व्यक्तियों के परिजनों को सरकार से न्याय मिलने की उम्मीद न के बराबर है।

नरहरपुर में ब्रह्माकुमारीज राजयोग शिविर का शुभारंभ

- **भाजपा प्रत्याशी आशा नेताम ने शिविर पहुंचकर लिया आशीर्वाद**

कांकेर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांकेर की शाखा धमतरी रोड नरहरपुर के स्थानीय केन्द्र में कल जन्माष्टमी के शुभ अवसर एक पब्लिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां राधे कृष्ण की चैतन्य झाकी सजाई गई थी उसे शुभ अवसर पर भाजपा विधायक प्रत्याशी आशाराम नेताम अपने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ परमात्म आशीर्वाद लेने ईश्वरीय केंद्र पर पधारे संचालिका बीके रामा दीदी ने प्रत्याशी सहित सभी का स्वागत किया और तिलक लगा कर सभी को ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा और कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।सभी ने आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहना की और समय निकाल केन्द्र में आने की इच्छा व्यक्त की तदपश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर सप्तदिवसीय राजयोग शिविर का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ अवसर पर बीके रामा दीदी ने बताया अब नियमित रुप से यहां भी मेडीटेशन ज्ञान योग की शिक्षा निशुल्क रुप से यहां के क्षेत्र वासियों के नैतिक चारित्रिक विकास के लिए दी जायेगी।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता

- **हितामेटा पोटाकेबिन के छात्रों ने रैली निकाली**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत को मतदान में अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता के उद्देश्य से जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लाइवलीहुड कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों के मध्य रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर लाइवलीहुड कॉलेज अभ्यर्थियों ने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाये रखने सहित स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस क्रम ग्राम हितामेटा के पोटाकेबिन के छात्रों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक किया।

न्यायाधीश होता ने किया नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

- **बैंक, विद्युत, नल जल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के लगभग दो हजार प्रकरण होगे निराकृत**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री संतोष कुमार तिवारी, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रवीण कुमार प्रधान, द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक कुमार देशलहरे, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी श्री शैलेश शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (नक्सल) शान्तनु कुमार देशलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (व्यवहार) रश्मि नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शांति प्रभु जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सोनी सहित खंडपीठ के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये जाएगे। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के निर्देशानुसार कुल 11 खंडपीठों का गठन उक्त लोक अदालत में किया गया है। लोक अदालत में शमनीय एवं राजीनामा योग्य मामलों से संबंधित प्रकरण, प्री-लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, नलजल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के लगभग 2000 प्रकरण निराकरण हेतु रखे जायेंगे और पक्षकारों के उपस्थित होने पर निराकृत किए जायेंगें। साथ ही जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली तथा किशोर न्याय बोर्ड दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा तीनों राजस्व जिला- दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों के समस्त प्रकरण भी इसी लोक अदालत में शामिल रहेंगे।

इंद्रावती नदी में नाव पलटी, सभी ग्रामीणों को बचाया गया

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला के थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुचनार कोड़नार घाट में साप्ताहिक बाजार बारसूर से वापस लौटते समय ग्रामीणों की नाव पलट गई जिससे नाव पर सभी सवार इंद्रावती में बहने लगे। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा थाना बारसूर को देने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक, गौरव राय (भापुसे), अति. पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन, एसडीओपी बारसूर आशा रानी, एसडीआरएफ नगर सेना एवं डीआरजी बस्तर फ़ाइटर्स की टीम मौके पर पहुँची और टीम द्वारा इन्द्रावती नदी में डूब रहे ग्रामीणों को सुरक्षित बचा लिया गया ।

सभी सातों ग्रामीण साप्ताहिक बाजार करने बारसूर आये हुये थे, वापसी के दौरान नाव से वापस अपने गॉव कोड़नार व कौशलनार जा रहे थे। इन्द्रावती नदी का बहाव तेज होने के कारण नदी पार करते समय हादसा हुआ। हादसे के बाद नाव पर सवार तीन व्यक्ति गंगूराम, गुण्डा/लक्ष्मण निवासी कोड़नार एवं साई निवासी कौशलनार तैर कर नदी पार कर गये तथा शेष 04 व्यक्ति राजकुमार और मांशा निवासी कोड़नार,सुभि और बोटीराम निवासी कौशलनार बीच नदी में जाकर पेड़ पर फँस गये थे जिन्हें बोट की सहायता से पुलिस अधीक्षक, श्री गौरव राय (भापुसे)के निर्देशन में जिला पुलिस बल, डीआरजी एवं नगर सेना की एसडीआरएफकी टीम के द्वारा सुरक्षित इन्द्रावती नदी से बाहर निकाला गया। रिस्क्यू किये गये सभी ग्रामीण स्वस्थ्य हैं ।

नवप्रदेश छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

अभनपुर विधानसभा : दो नेताओं के बीच तीन दशक तक मुकाबला, इस बार बीजेपी ने बदला चेहरा

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अंतर्गत आने वाले अभनपुर विधानसभा सीट, सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। अभनपुर, रायपुर और नया रायपुर की सीमाओं से लगा हुआ विधानसभा क्षेत्र है। यहां से वर्तमान में कांग्रेस के धनेंद्र साहू विधायक हैं। यहां पिछले तीन दशक से लगातार दो दिग्गज नेता ही विधायक चुनकर आये हैं। इसमें कांग्रेस के धनेंद्र साहू और भाजपा से चंद्रशेखर साहू शामिल है। इसके अलावा कोई भी तीसरा व्यक्ति यहां से पिछले चार दशक में विधायक नहीं बन सका है। हालांकि इस बार बीजेपी ने यहां से चेहरा बदला है। 2023 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है जिसमें अभनपुर विधानसभा उम्मीदवार का भी नाम शामिल है। भाजपा ने अभनपुर विधानसभा से पूर्व लोकसभा सांसद चंद्रशेखर साहू का टिकट काट कर उनकी जगह इंद्र कुमार साहू पर भरोसा जताया है। इंद्र कुमार साहू 2005 से 2010 तक जनपद सदस्य रहे हैं। 2015 से अब तक ग्राम बेन्द्री के दूसरी बार सरपंच बने हैं। वे अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज के दो बार अध्यक्ष, अभनपुर भाजपा मंडल के महामंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। साहू समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। कांग्रेस की बात की जाए, तो अब तक कांग्रेस ने उम्मीदवारों की एक भी सूची जारी नहीं की है। वर्तमान विधायक धर्मेंद्र साहू ने आवेदन जमा कर विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। खास बात यह है कि यहां से एक ही आवेदन जमा किया गया है। इसलिए कयास लगाया जा रहा है कि कांग्रेस धनेंद्र साहू को एक बार फिर उम्मीदवार बना सकती है।

अभनपुर विधानसभा सीट का जातिगत समीकरण

अभनपुर विधानसभा सीट की राजनीति में हमेशा से जातिवाद हावी है। इसकी सबसे बड़ी वजह यहां का जाति समीकरण है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में साहू मतदाता की संख्या ज्यादा है। यहां करीब 50 फीसदी साहू वोटर हैं, जिनका चुनाव पर खासा असर देखने को मिलता है। अगर पुराने इतिहास को देखा जाए, तो यहां पिछले चार दशक से साहू ही विधायक रहे हैं। फि र चाहे वह कांग्रेस का उम्मीदवार हो या बीजेपी का। लेकिन इस बार बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया और कांग्रेस ने अब तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

धनेंद्र साहू

इंद्रकुमार साहू

चंद्रशेखर साहू पहली बार 1985 में जीते

1985 से 2018 तक पिछले 33 साल से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से धनेंद्र साहू और चंद्रशेखर साहू के बीच टक्कर रही है। इसमें बीजेपी के चंद्रशेखर साहू पहली बार 1985 में विधायक चुने गए। इसके बाद वो 1990 और 2008 में विधायक बने। चंद्रशेखर साहू को रमन सिंह के सरकार में कृषि मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। वे 1998 में लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। कांग्रेस के धनेंद्र साहू 1993, 1998, 2003, 2013 और 2018 में विधायक चुने गए थे, लेकिन साल 2008 में धनेंद्र साहू चुनाव हार गए थे। हालांकि बाद में धनेंद्र साहू को पार्टी ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस की कमान सौंपी थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने काम किया था।

अभनपुर विस क्षेत्र की समस्याएं और मुद्दे

रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास आधा अधूरा है। यहां पीने के पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। यहां का भूजल स्तर भी काफी नीचे चला गया है जिस वजह से यहां पीने के पानी की सप्लाई भी टैंकरों से की जाती है। इस क्षेत्र में रोजगार की समस्या भी बराबर बनी हुई है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र मूल रूप से कृषि प्रधान इलाका है। बावजूद इसके यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं। इस साल भी पानी की समस्या ने अभनपुर के किसानों के चेहरे पर चिंता बढ़ा दी है। यहां के किसान गंगरेल बांध से पानी नहीं मिलने से परेशान हैं। खेती के लिए पानी नहीं मिला, तो उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी। किसानों को अब ये चिंता सताने लगी है कि वो अपना कर्ज कैसे चुकाएं। यह चुनाव का बड़ा मुद्दा बन सकती है।

पिछले चार विधानसभा चुनाव के परिणाम

2003 के नतीजे	2008 के नतीजे	2013 के नतीजे	2013 के नतीजे
धनेंद्र साहू कांग्रेस कुल वोट मिले 51122	चंद्रशेखर साहू बीजेपी कुल वोट मिले 56249	धनेंद्र साहू कांग्रेस कुल वोट मिले 67926	धनेंद्र साहू कांग्रेस कुल वोट मिले 76761
चंद्रशेखर साहू बीजेपी कुल वोट मिले 50895	धनेंद्र साहू कांग्रेस कुल वोट मिले 54759	चंद्रशेखर साहू बीजेपी कुल वोट मिले 59572	चंद्रशेखर साहू बीजेपी कुल वोट मिले 53290

मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	1,94,246
पुरूष मतदाता	97,436
महिला मतदाता	96,802
थर्ड जेंडर मतदाता	08

किसानों को धान की कीमत 2933 रुपए मिलना चाहिए : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर सियासी हमला बोला। उन्होंने धान के समर्थन मूल्य पर निशाना साधते हुए कहा, जब कांग्रेस की सरकार बनी तो उस समय धान का समर्थन मूल्य 1650 रुपए था। उस दिन उन्होंने कहा था, हम 25 सौ रुपए में धान खरीदेंगे। 750 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त देंगे। उन्होंने कहा, जब 750 रुपए अतिरिक्त देने की बात की तो बाद में उसको प्रति एकड़ 9 हजार रुपए दी। अगर 750 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से देखें तो 15 क्विंटल का जो पैसा होता है। वह लगभग 11 हजार रुपए होता है। ऐसे में 2 हजार रुपए प्रति क्विंटल पहले दिन ही खा गए। आज धान का समर्थन मूल्य 2186 रुपए हो गया है। अगर 750 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 20 क्विंटल धान खरीदने की बात करते हैं। तो 12 हजार रुपए प्रति क्विंटल एकड़ के हिसाब से बात करनी चाहिए। आज ये 26 सौ 50 रुपए दे रहे हैं, जबकि होना चाहिए 29 सौ 33 रुपए। 2184 रुपए धान के समर्थन मूल्य के हिसाब से। तो आज भी किसानों को 333 रुपए कब दे रहे हैं। ये सिर्फ बड़ी बड़ी बातें करते हैं। हम तो बार कहते हैं कि अगर तुम में दम है तो अपने दम पर 2650 रुपए के हिसाब से पूरा धान खरीद लो। और बाकी बचा हुआ केंद्र का धान 2184 रुपए में खरीदो।

केंद्र एक भी दाना चावल मत लें कांग्रेस किसानों से पूरा धान खरीदेगी : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भले ही मोदी सरकार एक भी दाना चावल मत लें कांग्रेस सरकार किसानों से पूरा धान खरीदेगी। कांग्रेस सरकार राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी तथा इस साल 130 लाख मीट्रिक धान की रिकार्ड खरीदी की जायेगी। भूपेश है तो भरोसा है कि आने वाले सालों में छत्तीसगढ़ का किसान 3600 रू. प्रति क्विंटल में धान की कीमत पायेगा। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ का किसान पूरे देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत 2640 रू. पाया है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों में तो किसानों का 1100 रू. धान बेचना पड़ता है। धान खरीदी में केन्द्र सरकार के सहयोगी की झूठी बाते करने वाले भाजपाई जवाब दे कि मोदी सरकार ने राज्य से चावल लेने में कटौती क्यों किया। एक तरफ जो कर्नाटका जब केन्द्र से 35 लाख टन चावल खरीदना चाहता है तो केन्द्र कहता है चावल का स्टाक नहीं है। वहीं मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के चावल के कोटे में इसलिये कटौती कर रहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अपनी धान खरीदी की योजना सफ्ल न कर पाये। यह

भाजपा का छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र है। भाजपा की केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी बाधित करने के लिये अभी से अडंगे बाजी शुरू कर चुकी है। केन्द्र ने सेन्ट्रल पुल में चावल का कोटा 86.5 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 61 लाख कर दिया है। ताकि भूपेश सरकार इस बार जो 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने वाली है उसके निराकरण में राज्य ने केन्द्रीय जूट कमिश्नर से 3.56 लाख गठाने खरीदने के लिये मांग पत्र दिया था जिसको भी केन्द्र ने घटा दिया है। छत्तीसगढ़ को केवल 2.45 लाख गठाने देने की ही स्वीकृति दिया है। इस बार राज्य सरकार ने किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया है तो बारदाना भी अधिक लगेगा। बारदाने के पूरे कीमत का भुगतान राज्य सरकार करती है। मोदी सरकार के इशारे पर जूट कमिश्नर इसमें कटौती कर भूपेश सरकार के किसानों से पूरा धान खरीदी के निर्णय में बाधा पहुंचाना चाह रहे। धान खरीदी में मोदी सरकार की अड़ंगेबाजी पहली बार नहीं है इसके पहले भी भूपेश सरकार ने जब घोषित समर्थन मूल्य से ज्यादा 2500 रू. धान की कीमत का भुगतान किया तो मोदी सरकार ने सेंट्रल पुल के चावल लेने से मना कर दिया था। तब केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण कांग्रेस सरकार को राजीव गांधी किसान न्याय योजना चालू कर किसानों को 9000 प्रति एकड़ एवं 10,000 प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है।

प्रियंका गांधी आएंगी छग, भिलाई के महिला सम्मेलन में होंगी शामिल

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले बड़े नेताओं का प्रदेश आना जाना लगातार जारी है। जहां आज राजनांदगांव में कांग्रेस के राष्ट्रिय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे। वहीं अब कांग्रेस

की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा तय हो गया है। भिलाई में प्रियंका गांधी यहां एक बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, प्रियंका गांधी 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ आएंगी। 21 सितंबर को भिलाई में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे की तारीख और कार्यक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी है। सीएम राजनांदगांव में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में कहा कि 21 तारीख को प्रियंका गांधी भिलाई में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगी।

अटकलों पर लगा विराम, पूर्व सीएम राजनांदगांव से ही लड़ेंगे चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद प्रदेश में यह सवाल हर किसी की जुबान पर है कि- पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह चुनाव लड़ेंगे या नहीं? पहली

सूची में कई कद्दावर नेताओं के साथ उनका भी नाम नहीं है। इस बारे में पूर्व सीएम ने एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में कहा कि वे विधानसभा चुनाव इस बार भी लड़ेंगे और राजनांदगांव से ही उतरेंगे। भाजपा की दूसरी सूची पर उन्होंने कहा कि अभी इसमें करीब 10 दिन और लगेंगे। इस सूची में 20-22 सीटों पर निर्णय हो सकता है। भाजपा की हर बड़ी बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री की मौजूदगी बयां कर रही है कि छत्तीसगढ़ की राजनीति में उनका कद बढ़ रहा है। पार्टी भी उन्हें किनारे करके मैदान में उतरना नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव से दो महीने पहले भाजपा आधी सीटों पर प्रत्याशी उतार चुकी होगी। पहले प्रत्याशी उतारने का पार्टी को बड़ा फायदा होने वाला है। अपने भांजे विक्रांत सिंह को खैरागढ़ से टिकट दिए जाने पर उन्होंने कहा कि परिवारवाद और रिश्तेदारी में बड़ा अंतर होता है। वह 20 साल से राजनीति में सक्रिय था, इसलिए उन्हें टिकट दी गई। कुछ सीटों पर चल रहे विरोध पर रमन बोले- समय रहते सब सही हो जाएगा। अब टिकट बदलने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से की सरकार की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों, गैंगरेप की बढ़ती घटनाओं को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने राज्यपाल से कहा, छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, राज्य में बढ़ते अपराध, हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाओं से आम जनता दहशत में है। ऐसा लग रहा जैसे राज्य में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। अपराधी जब चाहें, जहां चाहें कहीं भी महिलाओं और युवतियों के साथ बेधड़क अपराधिक वारदात को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। अपराधियों का पुलिस की गिरफ्त से बाहर होना, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होना छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और पुलिस प्रशासन की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद सरोज पांडेय, रायपुर सांसद सुनील सोनी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

पूर्व रमन सरकार में बढ़े थे अपराध, भूपेश सरकार में हुआ नियंत्रण : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व रमन सरकार में आपराधिक घटनायें बढ़ी हुई थी, प्रदेश का कोई भी थाना क्षेत्र अपराध मुक्त नहीं था। भूपेश बघेल सरकार बनने के बाद आपराधिक घटनाओं में ऐतिहासिक कमी आई है। राज्य के अपराधो को लेकर बयान देने वाले भाजपा नेताओं को राज्य के एवं देश के अन्य राज्यों के अपराधों का तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिये। भाजपा एनसीआरबी के झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर लगातार दुष्प्रचार करती है। राज्य में हत्या अपहरण, महिला अपराधों, बलात्कार, अनुसूचित जनजाति के विरूद्ध, अनुसूचित जाति के विरूद्ध हुये अपराधों में देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा तथा पूर्ववर्ती रमन सरकार की अपेक्षा प्रभावी कमी आई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार बच्चों के विरुद्ध हुए अपराधों में 17 प्रतिशत की राज्य में लूट डकैती के अपराधो में भी कमी आयी है। 2016-17-18 के तीन साल में डकैती के 214 अपराध हुये थे। कांग्रेस राज में 2019-20-21 में छत्तीसगढ़ में यह घट कर 196 तक पहुंच

गयी। एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ में पिछले तीन साल में दर्ज लूट की सभी घटनाओं के अपराधियों को पकड़ा गया है। 2019-20-21 में छत्तीसगढ़ में हत्या के अपराधों में भी गिरावट 28 प्रतिशत की कमी आयी है। अपराध में छत्तीसगढ़ देश राज्यों की रैकिंग में 17वें स्थान पर है। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, आदि राज्य भादवि की रैकिंग में छत्तीसगढ़ से उपर है। भादवि के अपराध का राष्ट्रीय औसत प्रति लाख आबादी पर 251.2 है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रति लाख आबादी पर यह अपराध 238.2 है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। हत्या के अपराध वर्ष 2021 में राज्य में कुल 1007 है। प्रति लाख आबादी पर हत्या के अपराध की दर 3.4 है, जबकि झारखंड में यह औसत 4.1, हरियाणा में 3.8, असम में 3.4 है। राज्य में हत्या के संगठित अपराध नहीं हुये है।

सीएम के बहकावे में न आएं, खड़गे अपनी गरिमा बचाएं : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा केंद्र सरकार पर राज्य सरकार के 19 हजार करोड़ की मदद रोकने का आरोप लगाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि

खड़गे जी को अपने जिस मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं है। चुनावी समय में उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति उन्होंने स्वयं की है। उस मुख्यमंत्री के झांसे में आकर अनर्गल आरोप लगाने के पहले खड़गे जी को तथ्यों से अवगत होना चाहिए। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। इसलिए उन्हें ससम्मान कह रहे हैं कि वह भूपेश बघेल की बातों में आकर अपनी गरिमा न गिरायें और कांग्रेस अध्यक्ष पद की प्रतिष्ठा का अवमूल्यन न होने दें। भूपेश बघेल पौने 5 साल में इतना झूठ बोल चुके हैं कि प्रदेश की जनता को उन पर भरोसा नहीं होना स्वाभाविक है। उन पर तो स्वयं कांग्रेस को भी भरोसा नहीं है। इसलिए भूपेश बघेल केंद्रीय नेताओं को बुलाकर जनता के पैसे पर भरोसे के सम्मेलन आयोजित करते हैं। इसके पहले भी खड़गे जी जांजगीर के सम्मेलन में देख चुके हैं कि कांग्रेस और भूपेश बघेल की जनता के बीच क्या स्थिति है। भूपेश बघेल का रिपोर्ट कार्ड यह है कि उन्होंने कांग्रेस ही नहीं दुनिया के तमाम झूठे राजनेताओं का कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया है।

कांग्रेस की 'पहली सूची' पर सस्पेंस, 18 के बाद होगी जारी!

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की पहली सूची की तिथि को लेकर अभी सस्पेंस बना हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि 18 सितंबर के बाद ही कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो सकती है।

सीएम हाउस में शुक्रवार देर रात तक चली कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नामों को लेकर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। नामों को लेकर सहमति नहीं बन पाई। दिल्ली की सर्वे रिपोर्ट के बाद प्रत्याशियों के

चयन में बदलाव किए जा सकते हैं। इसलिए केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक तक अंतिम सूची के लिए अभी इंतजार करना होगा। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय माकन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और सदस्य एल हनुमंथैया और नेटा डिसूजा मौजूद रहे। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नामों को लेकर लंबी चर्चा हुई है। जिसमें फिर से पैनल तैयार किए गए हैं और कुछ नामों को जोड़ा भी गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन भी दिल्ली से सभी विधानसभाओं में 2 नामों की सूची लेकर बैठक में पहुंचे थे। यहां छानबीन समिति की रिपोर्ट और ब्लॉक स्तर के पैनल पर भी काफी चर्चा हुई। जिसके बाद अब कहा जा रहा है कि 12 सितम्बर को केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

पाक के खिलाफ बुमराह-शमी, सिराज दिखाएंगे दमखम

जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग इलेवन में वापसी होगी

केएल राहुल ईशान किशन को रिप्लेस कर सकते हैं

नई दिल्ली। एशिया कप 2023 के सुपर-4 राउंड में टीम इंडिया की भिड़ंत रविवार को पाकिस्तान के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट में खेला गया पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था। बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम अब तक बेहतरीन लय में दिखाई दी है। सुपर-4 के अपने पहले मैच में टीम ने बांग्लादेश को पटखनी दी थी। वहीं, जसप्रीत बुमराह के वापस आने से भारतीय टीम के भी हौसले बुलंद होंगे।

निजी कारणों के चलते नेपाल के खिलाफ मैच मिस करने वाले जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 राउंड में होने वाले मैच में अपना दमखम दिखाते हुए नजर आएंगे। बुमराह का साथ मोहम्मद सिराज या शमी में कौन देगा यह देखना काफी दिलचस्प होगा। सिराज ने नेपाल के खिलाफ तीन विकेट चटकाए थे। वहीं, शमी भी बेहद किफायती रहे थे।

केएल राहुल पूरी तरह से फिट हो चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में खेल सकते हैं। राहुल को अगर अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाता है, तो ईशान किशन का टीम से पत्ता कट सकता है। ईशान किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पहले मैच में नंबर पांच पर खेलते हुए 82 रन की शानदार पारी खेली थी। हालांकि, नंबर पांच की पोजीशन पर केएल राहुल का भी रिकॉर्ड वनडे में धांसू रहा है।

भारत की संभावित प्लेइंग 11

रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल/ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर मोहम्मद सिराज।

पाकिस्तान की संभावित प्लेइंग 11

फखर जमान, इमाम उल हक, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, आगा सलमान, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, फहीम अशरफ शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हैरिस रऊफ

शुभंकर शर्मा को आयरिश ओपन के पहले दौर में एकल बढ़त

किल्डारे । भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने 2023 का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद एकल बढ़त हासिल की।शुभंकर ने एक ईगल और पांच बर्डी जमाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की। वह अभी तक इस साल दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में शामिल रहे हैं।यह 27 वर्षीय खिलाड़ी ' रेस टू दुबई' में अभी 65वें स्थान पर है और दुबई में नवंबर में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए उन्हें शीर्ष 50 में जगह बनानी होगी।आयरिश ओपन में खेल रहे एक अन्य भारतीय मनु गंडास ने पहले दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 104वें स्थान पर हैं। उन्हें कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अ'छा प्रदर्शन करना होगा।

पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के समय माहौल बदल जाता है : हरभजन

नई दिल्ली। क्रिकेट की दुनिया में यह कोई रहस्य नहीं है कि भारत-पाकिस्तान की टक्कर दोनों देशों के बीच माहौल को गर्मा देती है, जिसमें जीतने वाली टीम को प्रशंसा मिलती है। वहीं हारने वाली टीम को खरी-खोटी सुननी पड़ती है। कोलंबो में एशिया कप के सुपर-4 मैच में जब भारत का सामना पाकिस्तान से होगा तो ऐसे ही दृश्य दोहराए जाएंगे। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने स्वीकार किया कि अन्य टीमों की तुलना में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर माहौल काफी अलग होता है। हरभजन ने कहा, भारत-पाकिस्तान मुकाबला सिर्फ एक मैच नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है। भावनाएं इतनी अधिक हैं कि कोई भी मैच से पहले 'यादा कुछ नहीं बोल सकता क्योंकि मन में बहुत तनाव होता है। मैं महसूस कर सकता हूं कि यदि आप अन्य टीमों के खिलाफ खेलते हैं और फिर पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो माहौल में अंतर होता है। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, भारतीय क्रिकेटर प्रशंसकों की ओर से भारी दबाव में होते हैं, खासकर जब वे पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं।

अंपायर्स-रेफरी का ऐलान, एलीट पैनल में नितिन मेनन व जवागल श्रीनाथ शामिल

दुबई। आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल नितिन मेनन और मैच रेफरी के एलीट पैनल के सदस्य जवागल श्रीनाथ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 202 3 के लीग चरण के लिए 20 मैच अधिकारियों में शामिल हैं। इस मेगा टूर्नामेंट के लीग चरण में 16 अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं।

आईसीसी अंपायरों के 12 एलीट पैनल हैं- क्रिस्टोफर गैफनी (न्यूजीलैंड), कुमार धर्मसेना (श्रीलंका), मराइस इरस्मस (दक्षिण अफ्रीका), माइकल गॉफ (इंग्लैंड), नितिन मेनन (भारत), पॉल रीफेल (ऑस्ट्रेलिया), रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड), रिचर्ड केटलबोरो (इंग्लैंड), रॉडनी टकर (ऑस्ट्रेलिया), जोएल विल्सन (वेस्टइंडीज), अहसान रज़ा (पाकिस्तान), और एड्रियन होल्डस्टॉक (दक्षिण अफ्रीका)।

आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के बाकी के चार अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद (बांग्लादेश), पॉल विल्सन (ऑस्ट्रेलिया), एलेक्स व्हार्फ (इंग्लैंड) और क्रिस ब्राउन (न्यूजीलैंड) हैं। अनुभवी सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन कुमार धर्मसेना, मराइस इरस्मस और रॉड टकर शामिल हैं। इस आयोजन में मैच रेफरी के आईसीसी एलीट पैनल में; एंडी पाइक्रॉफ्ट (जिम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्टइंडीज), जेफ क्रो (न्यूजीलैंड) और जवागल श्रीनाथ (भारत) शामिल हैं। श्रीनाथ, 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में पिछले साल की फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया, पूरे लीग सेगमेंट के लिए अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है, साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी।

आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, इतने बड़े आयोजन को अंजाम देने के लिए आपको हर स्तर पर उ'च प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। अंपायरों, रेफरी और इसमें शामिल अंपायरों के उभरते समूह का आईसीसी एलीट पैनल इस विश्व कप में अपार कौशल, अनुभव और विश्व स्तरीय मानक लाएगा। हम उस समूह से खुश हैं, जिसे हमने इस टूर्नामेंट के लिए इकट्ठा किया है। आईसीसी अंपायर और रेफरी के प्रबंधक सीन ईजी ने कहा, यह समूह दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ है और एक चुनौतीपूर्ण काम करने के लिए तैयार हैं, वैश्विक क्रिकेट समुदाय की नजरें इस आयोजन पर टिकी हुई हैं। हमें विश्वास है कि वो अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे।

बिजनेस

बाजार की तेजी पर नहीं लगा ब्रेक, हरे निशान में खुले सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में कारोबार करते दिख रहे हैं। सेंसेक्स 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 6, 340.06 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 25.00 अंक यानी 0.1 3 फीसदी की बढ़त के साथ 19,752 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

प्री-ओपनिंग में बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई है। सेंसेक्स में 127.21 अंकों की गिरावट दर्ज हुई और यह 66,1 38. 35 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 12.40 अंक फिसलकर 19,714.60 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।ग्लोबल मार्केट से मिल रहे कमजोर संकेतों के बीच आज यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी रहने की संभावना है। आज सुबह 8 बजे करीब गिफ्ट निफ्टी भी हरे निशान में खुलकर 19,800 के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है।

अमेरिकी बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। डॉलर इंडेक्स और ईयर बॉन्ड यील्ड में भी नरमी देखने को मिली। डाओ जोन्स 57 अंक चढ़ा, नैस्डैक में 12 3 अंक की गिरावट दर्ज हुई। वहीं, एसएंडपी 500 0. 32 फीसदी फिसल गया।जापान के निक्केई 225 में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑस्ट्रेलिया में, एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.49 प्रतिशत नीचे था, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0. 34 प्रतिशत गिर गया। हांगकांग के बाजार ÷ब्लैक रेनस्टॉर्म की चेतावनी जारी होने के बाद बंद हो गए।

सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

नईदिल्ली। सोने-चांदी की वायदा कीमतों में आज तेजी लौट आई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 59,000 रुपये और चांदी के वायदा भाव 72,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 145 रुपये की तेजी के साथ 71,915 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 270 रुपये की तेजी के साथ 72,040 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,094 रुपये के भाव पर दिन का उ'च और 71,915 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई महीने में चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपये किलो को पार कर सर्वो'च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 148 रुपये की तेजी के साथ 59,146 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1 3 3 रुपये की तेजी के साथ 59,1 31 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।इस समय इसने 59,154 रुपये के भाव पर दिन का उ'च स्तर और 59,10 3 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वो'च स्तर छू लिया था।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी गई। कॉमेक्स पर सोना 194 3.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1942.50 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 7. 30 डॉलर की तेजी के साथ 1949.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल उपभोक्ता ऋण 'कार्डलेस ईज़ीईएमआई' लॉन्च किया

मुंबई/नवप्रदेश। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज एंड-टू-एंड डिजिटल उपभोक्ता ऋण 'कार्डलेस ईज़ीईएमआई' लॉन्च करने की घोषणा की । बैंक ने सभी के लिए ऋण सक्षम करने वाला मंच 100% डिजिटल-फर्स्ट पे शॉपसे के साथ साझेदारी की है इस कार्ड अनावरण मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 में किया गया, यह अभिनव पेशकश पूरी तरह से डिजिटल और निर्बाध ऋण अनुभव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

'कार्डलेस ईज़ीईएमआई' कार्यक्रम ग्राहकों को भौतिक दस्तावेजों या सहायता की आवश्यकता के बिना, आसानी से क्रेडिट के लाभों को अपनाने का अधिकार देता है। भाग लेने वाले शॉपसे या बैंक व्यापारियों पर एक सरल क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से, ग्राहक अपनी खरीदारी को सुविधाजनक ईएमआई में बदलने की क्षमता प्राप्त करते हैं। ब्रांडों और व्यापारियों के साथ ये गहन एकीकरण सभी ग्राहकों को 5 मिनट से कम समय में क्रेडिट तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा।

विकसित देश बनने के लिए 2047 तक 8-9 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर जरूरी: डेलॉयट

नईदिल्ली। भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत है। डेलॉयट दक्षिण एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने यह बात कही।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। शेट्टी ने कहा कि भारत को 'चीन प्लस वन' रणनीति से फायदा मिल सकता है, क्योंकि कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा यहां उपलब्ध है। अंतरिक्ष क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में पहले ही 200 स्टार्टअप हैं और यहां 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आ सकता है। शेट्टी ने बताया, हमें एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए कम से कम 2047 तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत हैज मध्यम आय स्तर से आगे बढ़ना होगाज इस गति से वृद्धि आसान नहीं है। दुनिया में बहुत कम देश ऐसे हैं, जो सालाना 8-9 प्रतिशत की गति से बढ़ने में सक्षम हैं। मोदी ने हाल ही में कहा था कि भारत निकट भविष्य में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा। उन्होंने कहा था, मुझे यकीन है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में होगा। हमारी अर्थव्यवस्था और भी अधिक समावेशी होगी। भारत इस समय अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

हिंदुस्तान पेंसिल्स ने घोटालेबाजों के खिलाफ उठाया कदम, फर्जी नौकरी पर जागरूकता की अपील की

1958 में स्थापित पेंसिल और स्टेशनरी बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी हिंदुस्तान पेंसिल्स प्राइवेट लिमिटेड (एचपीपीएल) ने भोली-भाली आम जनता को फर्जी नौकरी के नाम पर धोखे से बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में कंपनी को पता चला है कि उनके प्रतिष्ठित पेंसिल ब्रांड नटराज और अप्सरा के नाम पर अनुचित तरीके से नौकरी के फर्जी प्रस्ताव देकर धोखाधड़ी के मामले तेज़ी से फ़ैल रहे हैं।

यह घोटालेबाज खुद को नटराज और अप्सरा के प्रतिनिधि के रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। वे नटराज और अप्सरा के रजिस्टर्ड ऑफिस के पते और साथ ही उनके कर्मचारियों की तस्वीरों का उपयोग करके भोली भाली जनता को धोखा दे रहे हैं। वे इन लोगों को गूगल, लिंक्डइन, वॉट्सऐप और अन्य ऑनलाइन प्लैटफॉर्म सहित इन्टरनेट पर विभिन्न माध्यमों से तथाकथित रूप से घर बैठे पेंसिल पैकिंग की नौकरी का झाँसा देकर ठग रहे हैं। इन गुमराह करने वाले प्रस्तावों के कारण कई दुर्भाग्यपूर्ण मामले सामने आए हैं जिसमें नौकरी की तलाश करने वाले मासूम लोग इन घोटालों का शिकार हुए हैं और उन्हें पैसों का नुकसान हुआ है।

साल 1958 से उन्नत तकनीक के माध्यम से पेंसिल्स और अन्य स्टेशनरी के निर्माण में सबसे आगे नटराज और अप्सरा ने घर बैठे पेंसिल पैकिंग की नौकरी के ऐसे किसी भी प्रस्ताव को कभी अनुमति नहीं दी है। घर बैठे नौकरी पाने की महत्वाकांक्षा रखने वाले उम्मीदवारों और आम जनता को कंपनी यह बताना चाहती है कि नटराज और अप्सरा में भर्ती एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। कंपनी साफ-साफ शब्दों में यह बता रही है कि नटराज और अप्सरा ने किसी भी वेबसाइट या संस्था को यह अधिकार नहीं दिया है कि वे अपने वेबसाइट पर कंपनी में भर्ती के लिए कोई आवेदन स्वीकार करें। इसके साथ ही कंपनी ने किसी भी परिस्थिति में नौकरी की तलाश करने वाले उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का भुगतान करने से मना किया है। इसलिए, कोई भी नौकरी से जुड़ी पोस्ट जिसमें घर बैठे पेंसिल पैकिंग की नौकरी के बदले में पैसे की मांग की जाती है।

क्या आप पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं? आपके प्रथम दो बच्चों के लिए हैं...

मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना

कक्षा	छात्र	छात्रा
कक्षा 1 से 5	1,000 रु.	1,500रु
कक्षा 6 से 8	1,500 रु.	2,000रु
कक्षा 9 से 12	2,000 रु.	3,000रु
स्नातक	3,000 रु.	6,000रु
स्नातकोत्तर	5,000 रु.	6,000रु
व्यावसायिक पाठ्यक्रम	6,000 रु.	8.000रु
स्नातकोत्तर स्तर व्या. पाठ्यक्रम	8,000 रु.	10,000रु

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संवाद - 36779